• जयपुर, मंगलवार 22 सितंबर 26 • वर्ष 15 • अंक 323 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIN/2011/40950

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● **स्वामी विवेकानंद**

# चमकता राजस्थान



जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

# केरल में आसमानी आफत : मलप्पुरम में अचानक आई बाढ़ और इडुक्की में भूस्खलन, 7 लोगों की दर्दनाक मौत

**मलप्पुरम/एजेंसी।**

केरल में मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। मलप्पुरम जिले के निलंबूर क्षेत्र में अचानक आई भीषण बाढ़ और इडुक्की में हुए भूस्खलन की अलग-अलग घटनाओं में अब तक कुल 7 लोगों की मौत हो चुकी है। मलप्पुरम में बाढ़ के तेज बहाव में बहे 6 लोगों में से 5 के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि एक लापता महिला की तलाश में बड़े पैमाने पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।



### ● नदी में अचानक उफान से बहे 6 लोग, सर्च ऑपरेशन जारी

पहाड़ी इलाकों में रविवार शाम हुई भारी बारिश के बाद करीब साढ़े चार बजे चोक्कड़ नदी का जलस्तर अचानक विकराल रूप से बढ़ गया। तेज बहाव में 6 लोग बह गए थे। राजस्व मंत्री ए.पी. अनिल कुमार ने बताया कि रविवार रात दो शव बरामद किए गए थे, वहीं सोमवार सुबह राहत टीमों ने तीन और शव बाहर निकाले। राज्य सरकार के निर्देश पर एनडीआरएफ, फायर एंड रेस्क्यू सर्विस और स्थानीय बचाव दल नदी के बहाव क्षेत्र में लापता महिला की तलाश में जुटे हुए हैं। स्थानीय विधायक आर्यदान शौकत ने भी मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों का जायजा लिया।

### ● इडुक्की में भूस्खलन की चपेट में आया मकान, भाई-बहन की मौत

दूसरी तरफ, इडुक्की के वट्टावाड़ा क्षेत्र स्थित कोट्टक्कम्बुर में लगातार बारिश के चलते भयानक लैंडस्लाइड हुआ। पहाड़ी का मलबा सीधे एक घर पर आ गिरा, जिसके नीचे दबने से बालकृष्णन और उनकी बहन चिन्नू की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में बालकृष्णन की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें ग्रामीणों ने मलबे से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। स्थानीय प्रशासन यह भी जांच कर रहा है कि कहीं हादसे के दौरान बिजली का करंट लगने से मौत तो नहीं हुई।

### ● अगले 4 दिन भारी बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

मौसम विभाग ने केरल में 24 सितंबर तक भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। लगातार बिगड़ते मौसम को देखते हुए कोट्टायम और इडुक्की जिलों में 'ऑरेंज अलर्ट' घोषित किया गया है। इसके साथ ही तिरुवनंतपुरम, पथानामथिट्टा, एर्नाकुलम, वायनाड और कन्नूर जिलों में 'येलो अलर्ट' जारी करते हुए नदी किनारे और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों को अत्यधिक सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

## न्यूज़ अपडेट

### देश में बदल रहा मौसम का मिजाज, कई राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली/एजेंसी।** देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। कहीं बारिश का दौर जारी है तो कहीं उमस और गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। दक्षिण-पश्चिम मानसून अब उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों से लौटना शुरू हो गया है। इसी बीच बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक नई मौसम प्रणाली विकसित हो रही है, जिसके प्रभाव से पूर्वी और मध्य भारत में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के ऊपर बनी यह प्रणाली अगले कुछ दिनों में और मजबूत हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, इसके 23 सितंबर की सुबह के आसपास उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा के तट तक पहुंचने की संभावना है। हालांकि, तट के करीब आने के साथ इसकी दिशा और तीव्रता में बदलाव हो सकता है।

मौसम प्रणाली के आगे बढने् के साथ ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और झारखंड में बारिश की गतिविधियां बढने् की संभावना है। कुछ इलाकों में गरज-चमक के साथ भारी बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं।

### बिहार : भागलपुर में बाढ़ के पानी में डूबने से छह बच्चों की मौत

**भागलपुर/एजेंसी।** बिहार के भागलपुर जिले में सोमवार को बाढ़ के पानी में डूबने से छह बच्चों की मौत हो गई। हादसा सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में हुआ। मृतकों में चार लड×के और दो लड़कियां शामिल हैं। घटना के बाद गांव और आसपास के इलाके में हड×कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, सभी बच्चे सड×क के किनारे बने एक गड्ढे में जमा बाढ़ के पानी में स्नान करने के लिए गए थे। बच्चों को गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं था। स्नान करने के दौरान वे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों को जब घटना की जानकारी मिली, तो उन्होंने बच्चों को बचाने का प्रयास शुरू किया। बाद में पुलिस को भी सूचना दी गई। हादसे की सूचना मिलते ही सुल्तानगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बच्चों की तलाश शुरू की। पुलिस ने सभी छह बच्चों के शव बरामद कर लिए हैं। शवों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, मृतकों में पांच बच्चे सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 27 के रहने वाले थे, जबकि एक बच्चा सबौर थाना क्षेत्र का रहने वाला था।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सुल्तानगंज के थाना प्रभारी धनंजय कुमार ने बताया कि सड×क किनारे बने गड्ढे में बाढ़ का पानी जमा था। बच्चे उसमें स्नान करने गए थे और गहराई का अंदाजा नहीं होने के कारण हादसे का शिकार हो गए।

पुलिस ने सभी शव बरामद कर लिए हैं और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### देश में प्रधान सेवक तो प्रदेश में यह सेवक सदैव आप की सेवा को तत्पर: मुख्यमंत्री शर्मा

# भाजपा की प्रचंड जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकास कार्यों को: मदन राठौड़

**निकाय चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत राजस्थान की जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**

## कांग्रेस को अपनी जमीन खिसकने का पहले दिन से ही हो गया था एहसास, इसलिए जनता को भ्रमित करने का अलाप किया शुरू: भजनलाल शर्मा

**चमकता राजस्थान**

जयपुर, 21 सितंबर 2026। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नगर निकाय चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत पर का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकास कार्यों को दिया। राठौड़ ने कहा कि संगठन और सत्ता के बीच बेहतर तालमेल, समन्वय बनाने वाले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भी इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय जाता है। अभी एक युद्ध हमने जीत लिया, अब दूसरा युद्ध भी हमारे कार्यकर्ताओं की बदौलत जीतेंगे। कांग्रेसी गलत तरीके अपनाते थे, सदैव अफवाहें फैलाते थे जबकि भाजपा संगठन के बल पर जीत दर्ज करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा को नगर निगमों के साथ-साथ नगर परिषदों और नगर पालिकाओं में भी जनता का व्यापक समर्थन मिला है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर राजस्थान की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत प्रदेश की आठ करोड़ जनता के आशीर्वाद, भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों पर जनता के विश्वास की जीत है। शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत कर प्रदेश सरकार की योजनाओं और संगठन के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत को भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि को समर्पित करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा पर जो विश्वास जताया है, उस विश्वास पर सरकार पूरी तरह खरा उतरेगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता विकास और जनता के मुद्दों पर राजनीति करने के बजाय जातिवाद और धर्म के आधार पर राजनीतिक समीकरण बैठाने का काम करते हैं। भाजपा जनता के सुख-दुख में भागीदारी निभाती है, जबकि कांग्रेस चुनाव के समय जनता को भ्रमित और बरगलाने का काम करती है। उन्होंने कांग्रेस के सरकार के दुरुपयोग के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि चुनाव शुरू होने से पहले ही कांग्रेस ने सरकार पर आरोप लगाना शुरू कर दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को अपनी जमीन खिसकने का अहसास हो गया था, इसलिए वह पहले दिन से ही आरोप-प्रत्यारोप में जुट गई। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को आरोप लगाने के बजाय अपने शासनकाल और वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यों का हिसाब जनता के सामने रखना चाहिए। भाजपा सरकार ने ढाई वर्षों में युवाओं सहित विभिन्न वर्गों के लिए रोजगार और विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। कांग्रेस को अपने पांच वर्ष के कार्यकाल और भाजपा सरकार के ढाई वर्ष के कार्यों की तुलना जनता के सामने करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार झूठ, भ्रम और तुष्टिकरण की राजनीति के माध्यम से जनता को गुमराह करने का प्रयास करती रही है। उन्होंने राजस्थान की जनता से कांग्रेस के बहकावे में नहीं आने का आग्रह किया।





### मोदी के विकसित भारत के संकल्प और विकसित राजस्थान के संकल्प की जीत

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और विकसित राजस्थान के संकल्प की जीत है। राजस्थान सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में लगातार काम किया है। पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश सरकार द्वारा कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान को लंबे समय से लंबित जल समझौतों का लाभ मिला है। ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, नर्मदा जल समझौता सहित विभिन्न जल परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश की पेयजल और सिंचाई संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लाखों हेक्टेयर भूमि को सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने की दिशा में काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली के क्षेत्र में भी राजस्थान आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। किसानों, उद्योगों और आम उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। जयपुर में मेट्रो विस्तार, रिंग रोड सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में आधारभूत ढांचे के विकास के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा विकास का संकल्प पत्र लेकर नगर निकाय चुनाव में जनता के बीच गई थी और सरकार नगर निकायों में किए गए विकास के सभी संकल्पों को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता ने भाजपा को प्रचंड बहुमत देकर सरकार के विकास कार्यों पर अपना विश्वास जताया है। उन्होंने प्रदेश की जनता को आश्वस्त किया कि देश में प्रधान सेवक तो प्रदेश में मैं बतौर सेवक सदैव आपकी सेवा के लिए तत्पर मिलूंगा।

### जनता के सुख-दुख में भागीदारी निभाएं कार्यकर्ता – मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा के कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों का आ''ान करते हुए कहा कि वे जनता की संवेदनाओं से जुड़ें और उनके सुख-दुख में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि शहरी हो या ग्रामीण, हर क्षेत्र में जनता से जुड़कर विकास के कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। राजस्थान की जनता ने भाजपा को जो आशीर्वाद दिया है, उसके लिए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को झुककर प्रणाम करते हुए आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित भारत और राजस्थान विकसित राजस्थान की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रदेश के प्रत्येक नागरिक से विकसित राजस्थान के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आ''ान किया।

### 9 जिलों से कांग्रेस का सूपड़ा साफ

नगरीय निकाय प्रमुखों के चुनाव परिणामों में कांग्रेस का 9 जिलों में एक भी बोर्ड नहीं बन सका। बालोतरा, बाड़मेर, ब्यावर, भरतपुर, डीग, डूंगरपुर, कोटा, फलोदी, पाली जिले कांग्रेस विहीन हो गए है। वहीं कांग्रेस अजमेर, बांसवाड़ा, जैसलमेर, जालोर, प्रतापगढ़ और सिरोही जिलों में केवल एक-एक बोर्ड ही बना सकी है। यह परिणाम सरकार के ढाई साल के काम पर जनता की मुहर है। इससे पहले मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हुए 7 उपचुनाव में से भाजपा ने 5 उपचुनाव में जीत दर्ज की। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में इस बार सभी 10 नगर निगम, 47 नगर परिषद सहित 252 नगर पालिकाओं सहित 309 नगरीय निकायों में चुनाव एक साथ हुए हैं।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, संगठन महामंत्री अजेय कुमार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, विधायक बाल मुकुंदाचार्य, महेंद्र पाल मीणा, प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह, पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष सुमन शर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, आईटी प्रभारी अविनाश जोशी सहित पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत किया और मुंह मिठा करवाया।

## संपादकीय

# लाचारी का भाव बढ़ा

संयुक्त राष्ट्र की यह पहली ऐसी रिपोर्ट है, जिसमें इतनी अंधकारमय तस्वीर का वर्णन है। जलवायु विशेषज्ञों ने कहा है कि नेपाल में जो हुआ, वह दुनिया के संभावित भविष्य की एक मिसाल भर है।

ग्लेशियर गिरने से नेपाल में आई तबाही की दर्दनाक कहानियों के बीच संयुक्त राष्ट्र ने यह भयानक आकलन दुनिया के सामने रखा है कि ग्लोबल वॉर्मिंग से गंभीरतम किस्म की क्षतियों को रोकने का अवसर धरती ने गंवा दिया है। अब चुनौती इस पर विचार करने की है कि बढ़ चुके तापमान को कैसे फिर से खतरे की सीमा से नीचे लाया जाए। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने अपनी ताजा रिपोर्ट में बताया है कि 2015 की पेरिस जलवायु संधि में जिस तापमान को लेकर चेताया गया था, वह सीमा जल्द ही पार होने वाली है। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि तब दी गई चेतावनी पर शासकों ने ध्यान नहीं दिया। ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन जारी रहा। नतीजतन, धरती का तापमान खतरनाक सीमा तक पहुंच गया है।

विशेषज्ञों के मुताबिक यह संयुक्त राष्ट्र की पहली ऐसी रिपोर्ट है, जिसमें इतनी अंधकारमय तस्वीर का वर्णन है। जलवायु विशेषज्ञों ने कहा है कि नेपाल में जो हुआ, वह दुनिया के संभावित भविष्य की एक मिसाल भर है। जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया भर में ग्लेशियर पिघल रहे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इसकी सबसे बड़ी मार उन जन समूहों पर पड़ रही है, ग्लोबल वॉर्मिंग में जिनकी नगण्य भूमिका है। ग्रीनहाउस गैसों के वैश्विक उत्सर्जन में नेपाल का हिस्सा सिर्फ 0.1 प्रतिशत है। प्रति व्यक्ति ग्रीनहाउस गैसों का सबसे ज्यादा उत्सर्जन अमेरिका और अन्य विकसित देशों में होता है। लेकिन जलवायु परिवर्तन रोकने की अपनी जिम्मेदारी से वे देश अब पूरा मुंह मोड़ चुके हैं।

डॉनल्ड ट्रंप के कार्यकाल में पर्यावरण संरक्षण के बजट में भारी कटौती हुई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भू-स्खलन सहित अन्य प्राकृतिक खतरों की निगरानी के लिए नेपाल को अमेरिका से जो मदद मिलती थी, ट्रंप के कार्यकाल में उसे रोक दिया गया। आपदा आने के बाद सवाल उठा है कि क्या अगर वो कार्यक्रम जारी रहता, तो तबाही से पहले एहतियाती इंतजामों का मौका मिल सकता था? बहरहाल, विकसित दुनिया अभी ऐसे सवालों को ठेंगे पर रख रही है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन जनित प्राकृतिक आपदाओं की आशंका को लेकर लाचारी का भाव बढ़ा है, तो वह लाजिमी ही है।

## डिजिटल क्रांति की ओर छत्तीसगढ़: 'वसुंधरा' परियोजना से सुशासन और पारदर्शी राजस्व सेवाओं का नया दौर

● विष्णु प्रसाद वर्मा

छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के नागरिकों को सुगम, त्वरित और पारदर्शी राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 'सेवा के संकल्प' के साथ एक ऐतिहासिक डिजिटल क्रांति का नेतृत्व कर रही है। राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग द्वारा शुरू की गई 'वसुंधरा' परियोजना के माध्यम से प्रदेश भर के पुराने और वर्तमान राजस्व अभिलेखों का संपूर्ण डिजिटलीकरण, संरक्षण तथा प्रमाणीकरण किया जा रहा है, जिससे आम जनता को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से हमेशा के लिए मुक्ति मिलेगी।

इस महत्वाकांक्षी योजना की सफलता की मजबूत नींव दंतेवाड़ा जिले के क्रांतिकारी मॉडल पर आधारित है। दंतेवाड़ा में पिछले एक वर्ष के दौरान 12 हजार से अधिक नागरिकों ने कियोस्क सेवाओं का लाभ उठाया और 15 हजार से अधिक जाति प्रमाण-पत्र मात्र एक से दो दिनों में जारी किए गए। इसके साथ ही सैकड़ों विवादित मामलों का त्वरित निराकरण संभव हुआ और अभिलेखों में छेड़छाड़ का एक भी मामला सामने नहीं आया।

दंतेवाड़ा के इसी सफल प्रयोग से प्रेरणा लेते हुए अब पूरे राज्य में लगभग 12 करोड़ 89 लाख पृष्ठों के विभिन्न राजस्व अभिलेखों को डिजिटाइज़ करने का विस्तृत खाका तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत 22.72 करोड़ रुपए की लागत से 5.68 करोड़ पृष्ठ खसरा पांचसाला, 11.77 करोड़ रुपए की लागत से 2.94 करोड़ पृष्ठ क्र-1 रिकॉर्ड, 9.98 करोड़ रुपए की लागत से 2.49 करोड़ पृष्ठ नामांतरण व संशोधन पंजी, 2.13 करोड़ रुपए की लागत से 53.16 लाख पृष्ठ मिसल पंजी और 1.89 करोड़ रुपए की लागत से 47.29 लाख पृष्ठ अधिकार अभिलेख शामिल हैं। इसके अतिरिक्त निस्तार पत्रक, वाजिब-उल-अर्ज, रीनंबरिंग सूची, साधारण खसरा, नजूल शीट एवं व्यवर्तन पंजी जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों को भी डिजिटल रूप से सुरक्षित किया जाएगा।

# आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) 5.0

## समय पर क्रेडिट सहायता के ज़रिए बिजनेस की मज़बूती बढ़ाना

ईसीएलजीएस 5.0 बाहरी व्यवधानों से प्रभावित व्यवसायों को लक्षित क्रेडिट गारंटी सहायता प्रदान करती है। नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी द्वारा क्रियान्वित यह योजना पात्र ऋणदाता संस्थानों को कम क्रेडिट जोखिम के साथ अतिरिक्त कार्यशील पूंजी देने में सक्षम बनाती है। यह सरकार समर्थित गारंटियों के माध्यम से एमएसएमई, पात्र गैर-एमएसएमई व्यवसायों और अनुसूचित यात्री एयरलाइंस का समर्थन करती है। कोविड-19 महामारी के दौरान शुरू किए गए ईसीएलजीएस के पूर्ववर्ती चरणों के आधार पर, यह योजना व्यावसायिक निरंतरता को समर्थन देने के साथ-साथ संस्थागत ऋण तक पहुंच को मजबूत करती है। व्यापक पहुंच, जन समर्थ पोर्टल के माध्यम से डिजिटल पहुंच तथा बैंकों और वित्तीय संस्थानों की भागीदारी ने इसके दायरे का विस्तार किया है। तरलता में सुधार, रोजगार की सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करके, ईसीएलजीएस 5.0 वैश्विक अनिश्चितता के दौर में व्यावसायिक लचीलेपन और सतत आर्थिक विकास में योगदान देती है।

बाहरी आर्थिक झटकों के दौरान उद्यमों को सहायता

भारत भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच आर्थिक विकास को बनाए रखने, आजीविका की सुरक्षा करने और निर्बाध व्यावसायिक संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस तरह के घटनाक्रम आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित कर सकते हैं, लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ा सकते हैं और विभिन्न क्षेत्रों के व्यवसायों के लिए तरलता (लिक्विडिटी) का दबाव पैदा कर सकते हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार ने 5 मई 2026 को आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) 5.0 को मंजूरी दी।

यह योजना नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) द्वारा क्रियान्वित की जाती है। यह पात्र व्यावसायिक उधारकर्ताओं को अतिरिक्त कार्यशील पूंजी (वर्किंग कैपिटल) देने के लिए सदस्य ऋणदाता संस्थानों (एमएसएमई) को सरकार समर्थित क्रेडिट गारंटी प्रदान करती है। इसका उद्देश्य 2.55 लाख करोड़ रुपये तक के अतिरिक्त ऋण प्रवाह को सुगम बनाना है।

यह योजना निर्बाध घरेलू उत्पादन और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं का समर्थन करती है। यह बाहरी व्यवधानों के दौरान व्यवसायों को रोजगार बनाए रखने और आर्थिक गतिविधियों को जारी रखने में भी मदद करती है। इसके अलावा, बढ़ी हुई तरलता उद्यमों को अल्पकालिक परिचालन और वित्तीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में सक्षम बनाती है।

ईसीएलजीएस का विकास

ईसीएलजीएस को वर्ष 2020 में आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत लॉन्च किया गया था। इस योजना का उद्देश्य व्यवसायों को कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न वित्तीय संकट से उबरने में मदद करना था। इसने सदस्य ऋणदाता संस्थानों को 100% सरकार समर्थित गारंटी के साथ अतिरिक्त ऋण प्रदान करने में सक्षम बनाया। विभिन्न क्षेत्रों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ईसीएलजीएस क्रमिक चरणों के माध्यम से विकसित हुई है:

ईसीएलजीएस 1.0 ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), व्यावसायिक उद्यमों, मुद्रा उधारकर्ताओं और व्यक्तिगत व्यावसायिक ऋणों को कवर किया। 29 फरवरी 2020 तक 50 करोड़ रुपये से अनधिक के बकाया ऋण और 60 दिनों तक के ओवरड्यू वाले उधारकर्ता इसके पात्र थे।

ईसीएलजीएस 2.0 ने कामथ समिति द्वारा पहचाने गए 26 संकटग्रस्त क्षेत्रों और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र तक अपने दायरे का विस्तार किया। इसमें 29 फरवरी 2020 तक 50 करोड़ रुपये से अधिक और 500 करोड़ रुपये तक के बकाया ऋण तथा 60 दिनों तक के ओवरड्यू वाले उधारकर्ताओं को शामिल किया गया।

ईसीएलजीएस 3.0 ने हॉस्पिटैलिटी, यात्रा और पर्यटन, अवकाश एवं खेल तथा नागरिक उड्डयन क्षेत्रों को सहायता प्रदान की। 29 फरवरी 2020 तक ऋण संस्थानों से क्रेडिट सुविधाएं प्राप्त और 60 दिनों तक के ओवरड्यू वाले उधारकर्ता इसके पात्र थे।

ईसीएलजीएस 4.0 ने महामारी के दौरान स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया। इसमें अस्पताल/नर्सिंग होम/क्लिनिक/मेडिकल कॉलेज/ और तरल ऑक्सीजन, ऑक्सीजन सिलेंडर आदि के निर्माता शामिल थे। 31 मार्च 2021 तक क्रेडिट सुविधाएं प्राप्त और 90 दिनों तक के ओवरड्यू वाले संस्थान इसके पात्र थे।

प्रत्येक चरण ने उभरती आर्थिक और क्षेत्र-विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार योजना के दायरे का विस्तार किया। ईसीएलजीएस 1.0 से 4.0 तक, कुल 3.68 लाख करोड़ रुपये की 1.19 करोड़ गारंटियां जारी की गईं। यह योजनाएं 31 मार्च 2023 को समाप्त हो गईं।

ईसीएलजीएस 5.0 की मुख्य विशेषताएं

ईसीएलजीएस 5.0 31 मार्च 2027 तक, या 2.55 लाख करोड़ रुपये की गारंटी जारी होने तक (जो भी पहले हो) प्रभावी है। इसमें एमएसएमई, पात्र गैर-एमएसएमई व्यावसायिक उधारकर्ता और अनुसूचित यात्री एयरलाइन कंपनियां शामिल हैं। उधारकर्ताओं को एनसीजीटीसी द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करना होगा, जिसमें खाता स्थिति और अन्य लागू ऋण मानदंड शामिल हैं। ऋण सहायता अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों, वित्तीय संस्थानों और पात्र गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के माध्यम से प्रदान की जाती है।

एमएसएमई और पात्र गैर-एमएसएमईक्क

पात्र उधारकर्ता: यह योजना उन उधारकर्ताओं के लिए उपलब्ध है जिनके पास 31 मार्च 2026 तक सदस्य ऋणदाता संस्थानों (एमएसएमई) से मौजूदा कार्यशील पूंजी सुविधाएं थीं। उनके ऋण पुनर्भुगतान में 60 दिनों से अधिक का बकाया (ओवरड्यू) नहीं होना चाहिए। जिन उधारकर्ताओं ने निर्यातकों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना (सीजीएसई) के तहत पहले ही अतिरिक्त ऋण प्राप्त कर लिया है, वे सीजीएसई के तहत प्राप्त राशि की सीमा तक ईसीएलजीएस 5.0 के तहत सहायता के पात्र नहीं हैं।

यह योजना सभी क्षेत्रों के एमएसएमई के लिए उपलब्ध है। पात्र गैर-एमएसएमई उधारकर्ताओं के लिए कुछ क्षेत्रों को इस योजना के दायरे से बाहर रखा गया है। इनमें गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी), विद्युत (उत्पादन, पारेषण और वितरण), दूरसंचार सेवा प्रदाता, चीनी और एथेनॉल, तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आई टी) कंपनियां शामिल हैं। इस सूची में कागज और कागज उत्पाद, शैक्षणिक संस्थान, पेय पदार्थ (चाय और कॉफी को छोड×कर) और तंबाकू भी शामिल हैं। जहां कोई उधारकर्ता पात्र और गैर-पात्र दोनों क्षेत्रों में काम करता है, वहां ऋणदाता संस्थान वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान पात्र क्षेत्रों से उत्पन्न टर्नओवर के अनुपात के आधार पर पात्रता निर्धारित करता है।

क्रेडिट गारंटी कवरेज: पात्र एमएसएमई को दिए जाने वाले ऋण के लिए 100% गारंटी और पात्र गैर एमएसएमई के लिए 90% गारंटी कवरेज।

कोई गारंटी शुल्क नहीं: इस योजना के तहत एमएसएमई द्वारा कोई गारंटी शुल्क देय नहीं है।

सदस्य ऋणदाता संस्थान (एमएसएमई) वे ऋण संस्थान हैं जो पात्र उधारकर्ताओं को अतिरिक्त क्रेडिट सुविधाएं देने के लिए ईसीएलजीएस 5.0 के तहत पंजीकृत हैं। इसमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंक, स्मॉल फाइनेंस बैंक, विदेशी बैंक, सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनिया )एनबीएफसी) और वित्तीय संस्थान शामिल हैं।

अतिरिक्त ऋण सहायता: यह योजना वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के दौरान उच्चतम फंड-आधारित कार्यशील पूंजी बकाया के 20% तक का अतिरिक्त ऋण प्रदान करती है, जिसकी अधिकतम सीमा 100 करोड़ रुपये प्रति उधारकर्ता है।

ऋण की ब्याज दर: यह योजना सुनिश्चित करती है कि ऋण विनियमित ब्याज दरों पर उपलब्ध हों। एमएसएमई के लिए दर ईबीएलआर पर आधारित है, जबकि पात्र गैर-एमएसएमई से एमसीएलआर के आधार पर शुल्क लिया जाता है। दोनों ही मामलों में, ऋणदाता संस्थान बेंचमार्क से 0.75% अधिक तक शुल्क ले सकते हैं, जो प्रति वर्ष 9% की समग्र सीमा के अधीन है। पात्र एनबीएफसी द्वारा दिए जाने वाले ऋणों के लिए ब्याज दर 13% प्रति वर्ष से अधिक नहीं होगी।

एक्सटर्नल बेंचमार्क लेंडिंग रेट (ईबीएलआर) बैंकों द्वारा पात्र खुदरा और सूक्ष्म एवं लघु उद्यम ऋणों पर फ्लोटिंग ब्याज दरें निर्धारित करने के लिए उपयोग की जाने वाली बेंचमार्क ब्याज दर है। यह बेंचमार्क भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तय किया जाता है।

मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट (एमसीएलआर) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तय की गई बैंकों के लिए एक आंतरिक संदर्भ दर है। यह बैंकों को विभिन्न प्रकार के ऋणों पर न्यूनतम ब्याज दर निर्धारित करने में मदद करती है।

ऋण अवधि: ऋण की अवधि पहले संवितरण (वितरण) की तारीख से 5 वर्ष होगी, जिसमें 1 वर्ष की मोहलत अवधि (मोराटोरियम) शामिल है।

अनुसूचित यात्री एयरलाइंस

पात्रता की शर्त: अनुसूचित यात्री एयरलाइन क्षेत्र के व्यावसायिक उद्यम पात्र हैं यदि उनके पास 31 मार्च 2026 तक एमएसएमई से बकाया फंड-आधारित और गैर-फंड-आधारित क्रेडिट सुविधाएं थीं। उसी तारीख को क्रेडिट सुविधाओं को 'मानक' (एसएमए -2 को छोड×कर) के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए।

क्रेडिट गारंटी कवरेज: पात्र अनुसूचित यात्री एयरलाइंस को दिए जाने वाले ऋण के लिए 90% क्रेडिट गारंटी उपलब्ध है।

कोई गारंटी शुल्क नहीं: इस योजना के तहत एमएसएमई द्वारा कोई गारंटी शुल्क देय नहीं है।

अतिरिक्त ऋण सहायता: यह योजना निर्दिष्ट पात्रता शर्तों के आधार पर प्रति उधारकर्ता 1,500 करोड़ रुपये की सीमा के अधीन 100% तक अतिरिक्त ऋण प्रदान करती है। इसमें से 1,000 करोड़ रुपये से अधिक और 1,500 करोड़ रुपये तक की राशि

## आज का राशिफल

### मेष राशि:

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको व्यापारिक रिश्तों का लाभ मिलेगा, जिससे आपका काम समय पर पूरा हो जाएगा। आज दोस्तों के साथ बाहर जाने का प्लान बनेगा। साथ ही आज परिवार से संबंधित लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय सकारात्मक रहेंगे। आज आपको किसी समस्या से राहत मिलेगी, जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। आज आप ऑनलाइन शॉपिंग करते समय अपने बजट का ध्यान रखें, वरना महत्वपूर्ण गतिविधियां बाधित हो सकती हैं।

### वृष राशि:

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज पहले की अपेक्षा आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इस राशि के आर्किटेक्ट क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों के लिए आज का दिन सौगात लेकर आया है। आज आपके कार्यों की तारीफ हो सकती है। आज सामाजिक गतिविधियों में दिन का अधिकतम समय बीतेगा। साथ ही अपने संपर्कों का दायरा और अधिक विस्तृत करना फायदेमंद रहेगा। आज अनुभवी लोगों के साथ समय व्यतीत करने से आपके व्यक्तित्व पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आज आप बेवजह की बातों से दूर रहें और बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

### मिथुन राशि:

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज मीडिया और मार्केटिंग संबंधी व्यवसाय से नई-नई जानकारियां मिलेंगी, जिससे आपकी कार्यप्रणाली में भी गति आएगी। इस राशि की महिलाएं अपने काम को लेकर काफी उत्साहित रहेंगी। आज आपको ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को पूरा करने में उच्चाधिकारियों का पूरा मार्गदर्शन मिलेगा। आज आप जीवनसाथी को जरूरत का सामान गिफ्ट करेंगे, जिससे रिश्ते में मिठास बढ़ेगी।

शुभ रंग- पीला, शुभ अंक- 1

### कर्क राशि:

आज आपका दिन आपके जीवन में नया बदलाव लेकर आएगा। आज घर वालों का भरपूर प्यार और सहयोग मिलेगा। साथ ही आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। आज आपको बच्चों के प्रति सहानुभूति और स्पष्टता रखने की जरूरत है। आज आपका धार्मिक कार्यों की तरफ झुकाव थोड़ा ज्यादा रहेगा, आप शाम को मंदिर जाकर भजन-कीर्तन में समय व्यतीत करेंगे। आज माता-पिता का आशीर्वाद लेकर घर से बाहर निकलने से अधिकतर काम आसानी से होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है।

### सिंह राशि:

आज आप अपने दिन की शुरुआत नई उमंग के साथ करेंगे। आज जिस काम को पूरा करने की ठान लेंगे, उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आज आपको किसी काम में बेहतर परिणाम मिलेंगे, जिससे आपका उत्साह और मनोबल बना रहेगा। साथ ही परिवार के साथ कोई मनोरंजक प्रोग्राम भी बनेगा। आज व्यापारियों के लिए दिन अच्छा है, धन लाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। आज स्वास्थ्य के लिहाज से दिन ठीक रहेगा।

शुभ रंग- गुलाबी, शुभ अंक- 5

### कन्या राशि:

आज आपका दिन रचनात्मक कार्यों में लगा रहेगा। आप पिछले कुछ समय से जिस काम के लिए प्रयास कर रहे थे, आज उससे संबंधित खुशखबरी मिल सकती है। परंतु दूसरों से उम्मीद रखने की बजाय अपनी योग्यता पर विश्वास रखना ज्यादा बेहतर रहेगा, इससे आपका मनोबल बना रहेगा। संभव हो तो कार्य शाम होने से पहले ही संपन्न कर लें। इस राशि के जो व्यक्ति फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं, आज उन्हें किसी शो में एक्टिंग करने का ऑफर मिलेगा।

### तुला राशि:

आज आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व देंगे जो आपके लिए जरूरी हैं। साथ ही आपको काम, परिवार और दोस्तों के बीच संतुलन बनाकर रखना चाहिए, ऐसा करने से आपके रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। आज दिन की शुरुआत में ही कोई शुभ समाचार मिलने से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी और पिछले कुछ समय से चल रही अनबन आज खत्म होगी।

शुभ रंग- नारंगी, शुभ अंक- 8

### वृश्चिक राशि:

आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप पारिवारिक व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए बाहरी व्यक्तियों का अपने घर के मामले में हस्तक्षेप न होने दें। आज आपको नकारात्मक व्यक्तियों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए और अपने काम पर फोकस करना चाहिए। साथ ही आज अपने व्यवहार में थोड़ी नरमी रखें, इससे आपके बिगड़ते काम बन जाएंगे। इस राशि के छात्र किसी प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करेंगे।

### धनु राशि:

आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। आज आप आर्थिक स्थिति को देखते हुए भविष्य की प्लानिंग बना सकते हैं, आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम जल्द ही मिलेगा। आज कार्यस्थल पर गतिविधियां धीमी होने के बावजूद आप अपनी योग्यता और मेहनत से काम को सफल बनाएंगे। आज आपको मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है, जिससे आपके लाभदायक संपर्क बन सकते हैं जो भविष्य में आपके काम आएंगे। आज महिलाओं का दिन काफी बिजी रहेगा, प्रोफेशनल काम के साथ-साथ घर का काम और बच्चों की जिम्मेदारी भी बढ़ सकती है।

### मकर राशि:

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको कार्यस्थल पर अपनी उपस्थिति और फोकस बनाए रखना जरूरी है, इससे व्यवसाय में आपकी मेहनत के बेहतर परिणाम सामने आएंगे। आज नौकरीपेशा व्यक्तियों को काम की अधिकता बनी रहेगी, जिससे आपको ओवरटाइम भी करना पड़ सकता है। आज आपके द्वारा किए गए कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी। इस राशि के जो व्यक्ति विदेश जाकर नौकरी करना चाहते हैं, उन्हें जल्द ही यह मौका मिलेगा।

### कुंभ राशि:

आज आपका ध्यान धार्मिक कार्यों में लगा रहेगा। आज शाम को आप किसी समारोह में जाएंगे, जहां आपकी मुलाकात किसी खास व्यक्ति से होगी। आज किसी विशेष व्यक्ति से प्रभावित होकर आप भी अपनी दिनचर्या में कुछ परिवर्तन लाने की कोशिश करेंगे तथा कुछ नए कार्यों को करने में आपका ध्यान केंद्रित होगा। आज आप कोई ऐसा निर्णय लेंगे जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आप अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए किसी अच्छी कंपनी से डील फिक्स करेंगे। आज आपका स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा ठीक रहेगा।

### मीन राशि:

आज का दिन पहले की अपेक्षा ज्यादा लाभ दिलाने वाला रहेगा। आज आपको अपनी मेहनत पर भरोसा करके काम करना चाहिए, आपके काम सफल होंगे। आज बिजनेस में मेहनत के मुताबिक नतीजे मिलेंगे और इनकम पहले से बेहतर होगी। लेकिन कोई भी व्यवसाय संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले उचित सोच-विचार करना जरूरी है। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। इस राशि के बच्चे अगर ज्यादा मेहनत करेंगे तो भविष्य में जल्द ही सफलता मिलेगी। साथ ही आज बच्चे अपने पिता से परामर्श भी लेंगे।

## सू- दोकू क्र.167

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.166 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -167

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 2 | 3 | 4 | 3 | 5 | 6 |
| | | 7 | | | | 8 | | |
| 9 | | | 8 | 10 | | | | |
| | 10 | | | | 11 | 12 | 13 | |
| 14 | 11 | | 12 | | | | 13 | |
| 14 | | | | | 20 | 15 | | |
| 16 | | | 17 | 18 | 19 | | | 24 |
| 20 | | 21 | | 22 | | | 26 | 21 |
| | | | | 23 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 166 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | झ | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | 10 | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| 14 | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | 18 | प | 20 | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | 24 |
| ची | 25 | | प | | पा | | 26 | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

## संक्षिप्त समाचार

### शिविर में नेटवर्क समस्या का समाधान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का भरा फॉर्म



**चमकता राजस्थान रायपुर।** विकसित भारतझजन सेवा अभियान के तहत पंचायत समिति रायपुर में आयोजित शिविर में समेकित बाल विकास सेवाएं विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान श्रीमती खुशबू की गोद भराई की रस्म करवाई गई।
श्रीमती खुशबू ने बताया कि ग्राम पीपलिया बारी में मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का फॉर्म नहीं भर पा रही थीं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हुरमत बानो द्वारा भी इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास किया जा रहा था। शिविर में विभागीय कार्मिकों के सहयोग से मौके पर ही श्रीमती खुशबू का प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का फॉर्म भर दिया गया।
योजना के तहत श्रीमती खुशबू के खाते में केन्द्र सरकार की ओर से 5,000 रुपये तथा राज्य सरकार की ओर से 1,500 रुपये की सहायता राशि जमा होगी। यह राशि गर्भवती माता के पोषण एवं खान-पान में सहयोगी होगी। विकसित भारतझजन सेवा अभियान के शिविर में एक छोटी सी तकनीकी समस्या का समाधान कर पात्र लाभार्थी को योजना से जोड़ना जनसेवा के माध्यम से सुशासन और संवेदनशीलता की सार्थक पहल को दर्शाता है। स्वस्थ माँ और स्वस्थ बच्चे के माध्यम से स्वस्थ पीढ़ी के निर्माण की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है।

### एक मेला वित्तीय साक्षरता के नाम—वीर तेजा मेले में लगी वित्तीय जागरूकता स्टॉल, उमड़ा जनसैलाब




**चमकता राजस्थान ब्यावर।** महाराजा वीर तेजाजी मेले के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि पार्क में वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता स्टॉल लगाई गई। मेले में आने वाले आमजन को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेन-देन, सुरक्षित वित्तीय व्यवहार एवं विभिन्न वित्तीय योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से लगाई गई इस स्टॉल पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर जानकारी प्राप्त की। वित्तीय साक्षरता स्टॉल पर आमजन को बैंकिंग सेवाओं के सुरक्षित उपयोग, डिजिटल भुगतान, साइबर धोखाधड़ी से बचाव, बचत की आदत, बीमा एवं पेंशन योजनाओं सहित विभिन्न वित्तीय विषयों के बारे में जागरूक किया गया। विभागीय कार्मिकों ने आगंतुकों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए वित्तीय सेवाओं का सुरक्षित एवं जिम्मेदारी से उपयोग करने की जानकारी दी। नगर परिषद आयुक्त कृति कुमावत एवं भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक मनीष मांडल ने वित्तीय साक्षरता स्टॉल का विजिट कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने स्टॉल पर उपलब्ध जानकारी एवं आमजन को दी जा रही वित्तीय जागरूकता गतिविधियों की जानकारी ली। मेले में मनोरंजन एवं सांस्कृतिक आयोजनों के साथ वित्तीय जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

### दौसा जिले के 11 नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के परिणाम हुए घोषित

**चमकता राजस्थान दौसा।** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के तहत जिले के नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। निर्वाचन के बाद सभी नगरीय निकायों के अध्यक्ष पद के परिणाम घोषित किए गए। निर्वाचन परिणाम के अनुसार बांदीकुई नगर पालिका में विनोद देवी (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस), बसवा नगर पालिका में छोटेलाल गुर्जर ईंटोंडा (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस), भांडारेज नगर पालिका में सीमा (भारतीय जनता पार्टी), दौसा नगर परिषद में रेखा कुमारी गुर्जर (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस), लालसोट नगर परिषद में कपिल (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस), लवाण नगर पालिका में कैलाशी (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस), महवा नगर पालिका में विनीत कुमार (भारतीय जनता पार्टी), मंडावर नगर पालिका में अनीता देवी (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस), मंडावरी नगर पालिका में रामकेश मीना (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस), रामगढ़ पचवारा नगर पालिका में रामफूल मीना (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) तथा सिकराय नगर पालिका में कैलाश (भारतीय जनता पार्टी) अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए।

# श्री वीर तेजा मेले में सजी सांस्कृतिक संध्या, लोक कला एवं भजनों से सराबोर हुआ ब्यावर

## राठी पवेलियन में उमड़ा जनसैलाब, कलाकारों की प्रस्तुतियों पर झूमे शहरवासी

चमकता राजस्थान

ब्यावर। ऐतिहासिक श्री वीर तेजा मेले के अवसर पर रविवार को सुभाष उद्यान स्थित राठी पवेलियन में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। धार्मिक आस्था, लोक संस्कृति एवं मनोरंजन से सराबोर सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहरवासियों ने भाग लिया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा देर रात तक कार्यक्रम स्थल तालियों और उत्साह से गूंजता रहा।
सांस्कृतिक संध्या में अंतर्राष्ट्रीय कलाकार खेता खान ने अपनी लोक कला एवं संगीत की प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। उनकी प्रस्तुतियों ने राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति एवं संगीत परंपरा की जीवंत झलक प्रस्तुत की। लोक धुनों और पारंपरिक प्रस्तुतियों पर दर्शक उत्साहपूर्वक झूमते नजर आए।

**● लोक संस्कृति और परंपरा का दिखा रंग**

कार्यक्रम में राजस्थान की लोक संस्कृति, परंपराओं एवं कला का मनोहारी संगम देखने को मिला। कलाकारों की प्रस्तुतियों में लोक संगीत, पारंपरिक धुनों और सांस्कृतिक विविधता की झलक



देखने को मिली। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद दर्शकों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

**● मेले की रौनक में सांस्कृतिक रंग ने भरी उमंग**

श्री वीर तेजा मेले के तहत आयोजित सांस्कृतिक संध्या ने मेले की रौनक को और बढ़ा दिया। सुभाष उद्यान परिसर में रंग-बिरंगी रोशनी, बड़ी संख्या में पहुंचे शहरवासी और कलाकारों की प्रस्तुतियों से उत्सवी माहौल बना रहा। परिवारों एवं युवाओं सहित विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया।
मेले में धार्मिक आयोजनों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का आयोजन ब्यावर की लोक परंपरा और सामाजिक सहभागिता को दर्शा रहा है। सांस्कृतिक संध्या के माध्यम से स्थानीय एवं राजस्थानी लोक कला को मंच प्रदान करने के साथ आमजन को मनोरंजन का अवसर भी मिला।

**● आगामी दिनों में भी होंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां**

श्री वीर तेजा मेले के आगामी कार्यक्रमों में भी सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा। 22 सितम्बर को भजन गायिका आकृति मिश्रा अपनी प्रस्तुतियां देंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन सायं 8 बजे से राठी पवेलियन, सुभाष उद्यान में होगा।
श्री वीर तेजा मेला धार्मिक आस्था, लोक संस्कृति, कला, खेल एवं सामाजिक सहभागिता का उत्सव बनकर ब्यावर की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत स्वरूप प्रदान कर रहा है।

## बाप नगरपालिका चुनावः क्रॉस वोटिंग ने बिगाड़ा कांग्रेस का समीकरण, भाजपा की नीलम खोरवाल बनी सभापति

चमकता राजस्थान

फलोदी बाप नगरपालिका चुनाव में सभापति पद के लिए चला सात दिन का जोड़-तोड़ आखिर क्रॉस वोटिंग पर आकर खत्म हो गया।
निकाय चुनाव में भाजपा के 7, कांग्रेस के 6 और निर्दलीय 7 पार्षद चुनकर आए थे। बोर्ड बनाने के लिए दोनों पार्टियां पिछले सात दिनों से अपने-अपने पक्ष में बहुमत जुटाने में लगी थीं।
इसी बीच कांग्रेस ने सभापति पद के लिए निर्दलीय से जीती मैना मेघवाल को अपना प्रत्याशी घोषित किया। बताया जा रहा है



कि टिकट को लेकर कांग्रेस के कुछ पार्षद नाराज हो गए और बाड़ेबंदी से बाहर निकल गए।
बाद में कांग्रेस ने नाराज पार्षदों को मनाने के प्रयास तेज किए। 7 निर्दलीय पार्षदों में से 6 ने कांग्रेस को समर्थन दे दिया। समर्थन के बाद कांग्रेस के पास 6 अपने + 6 निर्दलीय = 12 वोट का आंकड़ा माना जा रहा था। लेकिन पार्टी को अंदरूनी क्रॉस वोटिंग का डर सता रहा था।
तीन नाराज पार्षदों में से दो को कांग्रेस मना लेती है, लेकिन पार्षद भवानी शंकर भट्टड़ आखिर तक नहीं माने। क्रॉस वोटिंग रोकने के लिए कांग्रेस खेमे ने रणनीति बनाई कि भवानी शंकर को मतदान से दूर रखा जाए, ताकि 11 वोटों के गणित से ही जीत सुनिश्चित की जा सके। लेकिन यह रणनीति भी काम नहीं आई।
परिणाम में कांग्रेस समर्थित मैना मेघवाल को 9 मत मिले, जबकि भाजपा की नीलम खोरवाल को 10 मत मिले। एक वोट से भाजपा ने सभापति पद पर कब्जा कर लिया और कांग्रेस की पूरी रणनीति पर पानी फिर गया।

## तेजा मेले में छाई रौनक, झूले-चक्री और मनोरंजन साधनों का लुत्फ उठाने उमड़े शहरवासी

**● रंग-बिरंगी रोशनी से नहाया मेला परिसर, झूले-चक्री बने आकर्षण का केंद्र**



**चमकता राजस्थान ब्यावर ।** श्री वीर तेजा मेले के अवसर पर पहले दिन सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्टेडियम में लगाए गए विभिन्न झूले, चक्री एवं अन्य मनोरंजन के साधन आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे। मेले के प्रथम दिन बड़ी संख्या में शहरवासी एवं परिवारजन स्टेडियम पहुंचे और विभिन्न मनोरंजन गतिविधियों का आनंद लिया। बच्चों में झूले एवं चक्री को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। वहीं युवाओं एवं परिवारों ने भी मेले में उपलब्ध विभिन्न मनोरंजन साधनों का आनंद लिया। स्टेडियम परिसर में देर शाम तक लोगों की आवाजाही बनी रही और मेले का उत्सवी वातावरण देखने को मिला।
धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेल प्रतियोगिताओं तथा मनोरंजन गतिविधियों के समावेश से श्री वीर तेजा मेला परंपरा के साथ आधुनिक मनोरंजन का भी आकर्षक संगम बन गया है।

## माजी स्थायी समिति सभापति गोवर्धन चांगो भगत ने दिवा पोस्ट ऑफिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

## स्पीड पोस्ट की रसीद मिली, डिलीवरी रिसीविंग नहीं!

चमकता राजस्थान

प्रतिनिधि : अरविंद कोठारी दिवा : स्पीड पोस्ट के माध्यम से पत्र भेजने के बाद भी डिलीवरी रिसीविंग अथवा डिलीवरी का स्पष्ट प्रमाण नहीं मिलने को लेकर माजी स्थायी समिति सभापति गोवर्धन चांगो भगत ने दिवा पोस्ट ऑफिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।
गोवर्धन चांगो भगत ने प्रेस के समक्ष कुछ स्पीड पोस्ट की रसीदें दिखाते हुए दावा किया कि उन्होंने दिवा पोस्ट ऑफिस के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय, ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी) कार्यालय सहित अन्य स्थानों पर पत्र भेजे थे। उनके अनुसार, स्पीड पोस्ट की रसीद उनके पास मौजूद है, लेकिन संबंधित पत्रों की डिलीवरी रिसीविंग अथवा डिलीवरी का स्पष्ट प्रमाण उन्हें अब तक प्राप्त नहीं हुआ है।

**● शुल्क लेने के बाद डिलीवरी का प्रमाण क्यों नहीं?**




भगत के अनुसार, स्पीड पोस्ट के लिए ग्राहक से करीब 30 से 35 रुपये शुल्क लिया जाता है। ऐसे में ग्राहक को भेजे गए पत्र की स्थिति और डिलीवरी की जानकारी स्पष्ट रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि स्पीड पोस्ट की बुकिंग के बाद पत्र संबंधित कार्यालय तक पहुंचा या नहीं, इसकी जानकारी प्राप्त करने में ग्राहक को परेशानी क्यों हो रही है।

**● दिवा पोस्ट ऑफिस में पूछताछ के बावजूद संतोषजनक जवाब नहीं मिलने का दावा**

गोवर्धन चांगो भगत का दावा है कि उन्होंने दिवा पोस्ट ऑफिस में इस संबंध में पूछताछ की, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि स्पीड पोस्ट संबंधित कार्यालय तक पहुंचती है, तो उसकी डिलीवरी का प्रमाण ग्राहक को किस प्रक्रिया के तहत उपलब्ध कराया जाता है।

## बालोतरा जिले के सातों निकायों में भाजपा का परचम, सभी अध्यक्ष पदों पर जीत

**चमकता राजस्थान बालोतरा**, रामेश्वर खिलेरी। नगर निकाय चुनाव 2026 के बाद बालोतरा जिले की शहरी राजनीति में भाजपा ने सभी सातों निकायों के अध्यक्ष एवं सभापति पदों पर जीत दर्ज की है। बालोतरा नगर परिषद सहित जसोल, सिवाना, समदड़ी, सिणधरी, गुड़ामालानी और धोरीमन्ना नगर पालिकाओं में भाजपा प्रत्याशी निर्वाचित हुए।
बालोतरा नगर परिषद में भाजपा के योगेश गहलोत सभापति निर्वाचित हुए। उन्हें 30 मत मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी अंकिता को 25 मत प्राप्त हुए। इस तरह योगेश गहलोत ने 5 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। नगर परिषद में कुल 55 वार्ड हैं और चुनाव में भाजपा ने 29 वार्ड जीते थे।
जसोल नगर पालिका में भाजपा की निर्मला प्रजापत अध्यक्ष चुनी गईं। उन्हें 13 मत मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी ममता को 7 मत प्राप्त हुए। सिवाना में भाजपा के भगवत सिंह भायल ने 15 मत हासिल कर अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी को 10 मत मिले।
समदड़ी नगर पालिका में भाजपा के सुरेश कुमार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्हें 17 मत मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम बुनकर को 8 मत प्राप्त हुए। सिणधरी में भाजपा की चम्पा देवी ने अध्यक्ष पद हासिल किया। उन्हें 14 मत मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी भंवराराम को 6 मत मिले।
गुड़ामालानी नगर पालिका में भाजपा की शीतल भरत जैन अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। उन्हें 13 मत मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी कल्पना शेखावत को 7 मत प्राप्त हुए। वहीं धोरीमन्ना नगर पालिका में भाजपा की कीर्ति गोसाईंवाल निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गईं।
इससे पहले सातों निकायों के 185 वार्डों के चुनाव में भाजपा ने 105, कांग्रेस ने 62 और निर्दलीय प्रत्याशियों ने 18 वार्डों में जीत दर्ज की थी।

**● 22 सितंबर को उपाध्यक्ष पदों का चुनाव**

अब सातों निकायों में उप सभापति एवं उपाध्यक्ष पदों के निर्वाचन की प्रक्रिया 22 सितंबर को होगी। बैठक सुबह 10 बजे शुरू होगी। नामांकन पत्र सुबह 11 बजे तक जमा किए जा सकेंगे। 11:30 बजे से नामांकन पत्रों की संवीक्षा होगी। अभ्यर्थिता वापस लेने का समय दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है। आवश्यकता होने पर दोपहर 2:30 से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा और मतदान समाप्त होते ही मतगणना होगी।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

# पीपाड़ पालिका चुनाव में बड़ा सियासी उलटफेर: क्रॉस वोटिंग ने पलटा खेल, कांग्रेस की आशा देवी बनीं चेयरमैन

चमकता राजस्थान

पीपाड़ शहर (जोधपुर) रिपोर्ट:- मेहराम गहलोत। पीपाड़ शहर नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में उस समय बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिला, जब भाजपा के पास स्पष्ट बहुमत का दावा होने के बावजूद कांग्रेस ने बोर्ड बना लिया। कांग्रेस प्रत्याशी आशा देवी कच्छवाह ने भाजपा प्रत्याशी को 5 वोटों के अंतर से हराकर नगर पालिका अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की।

**● कैसे पलटा खेल?**

नगर पालिका में कुल 35 सदस्य हैं। इस चुनाव में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। भाजपा के 16 पार्षद, कांग्रेस के 15 पार्षद और 4 निर्दलीय पार्षद विजयी हुए थे। बहुमत के लिए 18 पार्षदों के समर्थन की आवश्यकता थी। भाजपा ने निर्दलीयों के समर्थन के साथ 20 सीटों का दावा करते हुए बोर्ड बनाने की तैयारी कर ली थी।
हालांकि, मतदान के दौरान



क्रॉस वोटिंग ने पूरा समीकरण बदल दिया। कांग्रेस ने 5 वोटों की क्रॉस वोटिंग कराकर बोर्ड बना लिया। मतगणना में कांग्रेस प्रत्याशी आशा देवी को 20 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी मनु कच्छावाह को 15 वोट ही मिल सके।

**● मौके पर कड़ी सुरक्षा**

नगर पालिका कार्यालय में मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस जाप्ता तैनात किया गया था। सीओ मनीष देव और थानाधिकारी सीताराम खोज मौके पर मौजूद रहे। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं की बड़ी भीड़ पालिका कार्यालय के बाहर एकत्रित हुई थी।

**● जश्न का माहौल**

आशा देवी के निर्वाचित घोषित होते ही कांग्रेस खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने जीत का जश्न मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। वहीं, भाजपा खेमे में इस अप्रत्याशित हार से मायूसी देखने को मिली।
यह जीत कांग्रेस के लिए न केवल राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह दर्शाती है कि स्थानीय निकाय चुनावों में गठजोड़ और क्रॉस वोटिंग कैसे बड़ा फर्क ला सकती है।

## जिला परिषद सदस्य, प्रधान एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए वर्गवार एवं महिला आरक्षण की लॉटरी 23 सितंबर को होगी

**चमकता राजस्थान** दौसा। आगामी पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनावों के लिए जिले में जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों एवं प्रधान पद के लिए वर्गवार आरक्षण तथा महिला आरक्षण की लॉटरी प्रक्रिया 23 सितंबर को की जाएगी।
जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार आरक्षण एवं लॉटरी प्रक्रिया 23 सितंबर को प्रातः 11 बजे से जिला कलक्ट्रेट के सभागार कक्ष में आयोजित की जाएगी।
लॉटरी प्रक्रिया के दौरान प्रधान, जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए निर्धारित नियमों के अनुसार वर्गवार आरक्षण एवं महिला आरक्षण का निर्धारण किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जहाजपुर नगर पालिका में भाजपा की अलकेश पवन वैष्णव बनी नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष



**चमकता राजस्थान।** पत्रकार रियासत मलिक। जहाजपुर पालिका अध्यक्ष के चुनाव हुए जिसमें अलकेश पवन वैष्णव को 25 में से 23 मत प्राप्त हुए। जिसमें अलकेश पवन वैष्णव को 15 भाजपा पार्षद,7 निर्दलीय पार्षद ओर 1 कांग्रेस पार्षद का मत मिला।
वही कांग्रेस पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी प्रमोद देवी शर्मा को 2 मत प्राप्त हुए,एक स्वयं का मत ओर दूसरा कांग्रेस पार्षद मुजम्मिल शेर पठान का मत प्राप्त हुआ।
इस तरह भाजपा प्रत्याशी अलकेश पवन वैष्णव की 23 मतों से विजय हुई ओर कांग्रेस प्रत्याशि प्रमोद शर्मा की 2 मतो के साथ हार हुई।
अलकेश पवन वैष्णव के अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद भाजपा खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई ओर क्षेत्र में भाजपा बोर्ड बनने के बाद लोगों ने मिठाइयां बाटकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। कांग्रेस ने 2 मत हासिल कर विपक्ष को बरकरार रखा।कांग्रेस पार्षद के क्रॉस वोटिंग को लेकर भी शहर में एक राजनीति का चर्चा का विषय बना।

### दिवा पश्चिम रेलवे फाटक के पास कचरे की समस्या तत्काल दूर करें; एडवोकेट नगरसेवक आदेश भगत आक्रामक

- **अतिरिक्त घंटागाड़ी शुरू करने की मांग; छुट्टी के दिनों में भी कचरा उठाने के लिए कर्मचारी उपलब्ध कराने के निर्देश**



**चमकता राजस्थान** प्रतिनिधि : अरविंद कोठारीदिवा : दिवा पश्चिम रेलवे फाटक के पास जमा होने वाले कचरे की समस्या से नागरिक परेशान हैं। इस समस्या का तत्काल समाधान करने की मांग नगरसेवक एडवोकेट आदेश भगत ने की है। नागरिकों की शिकायत के बाद एडवोकेट भगत ने महापालिका अधिकारियों के साथ मौके का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर कचरा प्रबंधन को लेकर आवश्यक उपाययोजना करने के निर्देश दिए। दिवा पश्चिम रेलवे फाटक के कारण घंटागाड़ी के नियमित समय में बाधा उत्पन्न होने से कचरा समय पर नहीं उठाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आने के बाद स्टेशन परिसर से कचरा समय पर उठाने के लिए अतिरिक्त घंटागाड़ी शुरू करने की मांग एडवोकेट आदेश भगत ने की। साथ ही रविवार और अन्य छुट्टी के दिनों में भी कचरा उठाने की व्यवस्था सुचारू रखने के लिए आवश्यक कर्मचारियों को उपलब्ध कराया जाए, ऐसे निर्देश उपमुख्य स्वच्छता निरीक्षक परदेशी को दिए गए।

### चौधरी की जीत के बाद मंदिर पहुंचे विनोद पटवा के आग्रह पर महावीर भगवान का लिया आशीर्वाद

**चमकता राजस्थान** धरियावद। नगरपालिका अध्यक्ष पद पर रेखा चौधरी की जीत के बाद विनोद पटवाखुश पटवा अभिषेक बोहरा ने रेखा चौधरी से भगवान महावीर के दर्शन हेतु जहाँ चेयरमेन चौधरी पार्षद भुवन प्रताप सिंह राणावत सहित मंदिर पहुंचकर भगवान महावीर के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में सुख-शांति एवं नगर के विकास की कामना की। मंदिर पहुंचने पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी शुभकामनाएं दीं।

# जालोर के जनमत को मिला बहुमत, चार निर्दलीयों के सहयोग से कांग्रेस के बंशीलाल माली बने सभापति

## जालोर के जनमत को मिला बहुमत, चार निर्दलीयों के सहयोग से कांग्रेस के बंशीलाल माली बने सभापति

**चमकता राजस्थान**

जालोर। ब्यूरो चीफ कयुम खान जालोर नगर परिषद में सभापति पद के लिए सोमवार को हुए चुनाव में कांग्रेस के बंशीलाल माली ने जीत दर्ज कर सभापति पद अपने नाम कर लिया। बंशीलाल माली को 22 वोट मिले, जबकि भाजपा के प्रत्याशी जय सिंह को 17 वोट प्राप्त हुए। इस तरह बंशीलाल माली 5 वोटों से विजयी रहे।
सभापति चुनाव को लेकर सुबह से ही नगर परिषद के बाहर कांग्रेस और भाजपा समर्थकों की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

- **कड़ी सुरक्षा के बीच नगर परिषद पहुंचे कांग्रेस पार्षद**

करीब 11 बजे कांग्रेस के पार्षदों को बस के जरिए कड़ी सुरक्षा के बीच नगर परिषद पहुंचाया गया। कांग्रेस के 19 निर्वाचित पार्षदों के साथ निर्दलीय पार्षद भी मतदान के लिए पहुंचे। एक निर्दलीय पार्षद पहले ही नगर परिषद पहुंच चुका था। पार्षदों की शपथ प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभापति पद के लिए मतदान कराया गया।
मतदान के बाद कांग्रेस पार्षदों को सुरक्षा व्यवस्था के बीच राजीव गांधी भवन ले जाया गया।



- **भाजपा पार्षद भी बस से पहुंचे**

इसके कुछ देर बाद भाजपा के 14 पार्षद बस के जरिए नगर परिषद पहुंचे। उनके साथ कुछ निर्दलीय पार्षद भी मतदान के लिए पहुंचे। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतगणना शुरू हुई।

- **नारेबाजी के बीच**

**गरमाया माहौल**

मतगणना से पहले नगर परिषद के बाहर कांग्रेस समर्थकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इसके जवाब में भाजपा समर्थकों की ओर से भी नारे लगाए गए, जिससे कुछ समय के लिए माहौल गरमा गया। पुलिस प्रशासन ने सतर्कता दिखाते हुए स्थिति को संभाला और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी।

- **बंशीलाल माली को 22, जय सिंह को 17 वोट**

करीब 2 बजे मतगणना पूरी होने के बाद परिणाम घोषित किया गया। कांग्रेस प्रत्याशी बंशीलाल माली को 22 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी जय सिंह को 17 वोट प्राप्त हुए। बंशीलाल माली को विजयी घोषित किया गया।
विजय के बाद बंशीलाल माली को शपथ दिलाई गई और पुलिस सुरक्षा के बीच उन्हें राजीव गांधी भवन पहुंचाया गया।

- **राजीव गांधी भवन में**

**कांग्रेस का जश्न**

बंशीलाल माली की जीत के बाद राजीव गांधी भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया। कांग्रेस के निर्वाचित पार्षदों एवं पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री पुखराज पाराशर ने भी नवनिर्वाचित सभापति बंशीलाल माली का माला पहनाकर स्वागत किया।
कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने पटाखे फोड़कर जीत का जश्न मनाया तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दीं।

# दौसा नगर परिषद में कांग्रेस का सभापति, रेखा गुर्जर ने कविता गुर्जर को 7 मतों से हराया

## कांग्रेस को 31 और भाजपा को 24 वोट मिले, जीत के बाद समर्थकों ने मनाया जश्न

**चमकता राजस्थान**

दौसा। दौसा नगर परिषद के सभापति पद के चुनाव में कांग्रेस की रेखा गुर्जर ने भाजपा की कविता गुर्जर को 7 मतों से हराकर जीत दर्ज की। सोमवार को हुए निर्वाचन में रेखा गुर्जर को 31 मत मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी कविता गुर्जर के पक्ष में 24 पार्षदों ने मतदान किया। परिणाम घोषित होते ही कांग्रेस समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया और नगर परिषद परिसर में ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया गया।



- **कांग्रेस ने दोबारा बनाया सभापति**

सभापति पद पर रेखा गुर्जर की जीत के साथ ही दौसा नगर परिषद में कांग्रेस ने लगातार दूसरी बार अपना सभापति बनाने में सफलता हासिल की।
चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान दौसा विधायक डीसी बैरवा और सांसद मुरारीलाल मीणा के समर्थन में भी नारे लगाए गए।रणनीति और एकजुटता पर नेताओं ने जताया भरोसाकांग्रेस नेताओं ने जीत का श्रेय पार्टी पार्षदों की एकजुटता और चुनावी रणनीति को दिया।

- **विधायक डीसी बैरवा ने कहा कि**

कांग्रेस पार्षदों की एकजुटता के चलते पार्टी को सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले भी नगर परिषद में सत्ता में थी और अब दोबारा सभापति पद हासिल किया है। सांसद मुरारीलाल मीणा ने कहा कि कांग्रेस के निर्वाचित पार्षदों ने एकजुट होकर रेखा गुर्जर के पक्ष में मतदान किया। उन्होंने चुनाव परिणाम को कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

# उद्धव जी की शिक्षाएँ भक्तों को धैर्य, समर्पण और प्रेम के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा देती हैं - पाराशर

**चमकता राजस्थान**

डीग। श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ का श्रवण करने से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट हो जाते हैं। प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते हैं, कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। यह शब्द खण्डेलवाल धर्मशाला में आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन व्यास पीठ पर विराजमान पूज्य भागवताचार्य पंडित मुरारी लाल पाराशर ने कहे।
कथा के दौरान पाराशर ने रुक्मणी विवाह, उद्धव चरित्र,कंस मर्दन,



महारास आदि कथाओं का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है।
पाराशर ने उद्धव चरित्र की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि हमें अहंकार त्यागने, ज्ञान से अधिक प्रेम और शुद्ध भक्ति के महत्व को समझने की प्रेरणा देती है। इसके माध्यम से हमें यह सीख मिलती है कि ईश्वर को केवल शुष्क ज्ञान या तर्क से नहीं, बल्कि एक सच्चे और समर्पित हृदय से ही पाया जा सकता है।उद्धव जी की शिक्षाएँ भक्तों को धैर्य, समर्पण और प्रेम के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा देती हैं।इस अवसर पर श्री मति कांति देवी,संजय खण्डेलवाल उर्फ बंटी,महेश खण्डेलवाल,आदित्य खण्डेलवाल,निखिल खण्डेलवाल,पार्थ खण्डेलवाल,बाबूलाल,भगवान ,मुकेश,विष्णु,लखन,आशा खण्डेलवाल,सालोनी खण्डेलवाल,राजू खण्डेलवाल,ममता खण्डेलवाल, घनश्याम खंडेलवाल, जुगला खंडेलवाल, लक्ष्मी खण्डेलवाल सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

### भारत से अमेरिका तक साथ रहेगा जियो का 5G, टी-मोबाइल संग सीमलेस रोमिंग

- **अमेरिका पहुंचने पर भी मिलेगा 5G स्टैंडअलोन नेटवर्क का अनुभव**
- **जियो और टी-मोबाइल ने दुनिया की पहली 5ॠ रोमिंग कनेक्टिविटी का दावा किया**

**चमकता राजस्थान मुंबईः** अमेरिका जाने वाले जियो ग्राहकों के लिए मोबाइल रोमिंग का अनुभव अब बदल जाएगा। भारत से अमेरिका पहुंचने पर जियो यूजर्स टी-मोबाइल के 5G स्टैंडअलोन नेटवर्क पर रोमिंग कर सकेंगे। इसी तरह अमेरिका से भारत आने वाले टी-मोबाइल ग्राहक जियो के 5ॠस्टैंडअलोन नेटवर्क का इस्तेमाल कर सकेंगे। दोनों कंपनियों के मुताबिक, दो देशों के 5G स्टैंडअलोन नेटवर्क को रोमिंग के जरिए इस तरह जोड़ने का यह दुनिया का पहला मामला है।
आसान भाषा में कहें तो देश बदलने के बाद भी ग्राहक को 5G के नए नेटवर्क पर रोमिंग का फायदा मिलता रहेगा। इससे तेज स्पीड, लो-लेटेंसी और ज्यादा भरोसेमंद कनेक्शन मिलेगा। यानी वीडियो स्ट्रीमिंग हो, ट्रैवल रील शेयर करनी हो या ऑफिस के ऐप चलाने हों, भारत और अमेरिका में 5ॠका अनुभव ज्यादा सहज और सीमलेस रहेगा।
फिलहाल यह 5ॠस्टैंडअलोन रोमिंग कनेक्शन जियो और टी-मोबाइल के नेटवर्क के बीच है। यानी इसका सीधा फायदा भारत और अमेरिका के बीच यात्रा करने वाले इन दोनों कंपनियों के ग्राहकों को मिलेगा।
टी-मोबाइल के चीफ नेटवर्क ऑफिसर अंकुर कपूर ने कहा कि एक देश से दूसरे देश पहुंचने पर भी ग्राहक का 5G अनुभव सहज बना रहेगा, चाहे वह स्ट्रीमिंग कर रहा हो, ट्रैवल रील शेयर कर रहा हो या बिजनेस ऐप चला रहा हो। उन्होंने इसे इस तकनीक की बड़ी ताकत बताया।
जियो के हेड-इंटरनेशनल नेटवर्क, पार्टनरशिप एंड सर्विसेज मार्क यारक ेस्की ने कहा कि यह उपलब्धि सिर्फ रोमिंग तक सीमित नहीं है। दोनों 5G स्टैंडअलोन नेटवर्क का साथ आना आगे ग्राहकों और कारोबारों के लिए नई सेवाओं के साथ अकआधारित सेवाओं का रास्ता भी खोल सकता है।
इस रोमिंग कनेक्शन को संभव बनाने में सिनिवर्स (Syniverse) के प्लेटफॉर्म की अहम भूमिका रही है, जिसने जियो और टी-मोबाइल के नेटवर्क को सुरक्षित तरीके से आपस में जोड़ने में मदद की

### सातों नगर निकायों में अध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न



**चमकता राजस्थान धौलपुर संवाददाताः** रामदास तरुण धौलपुर। नगर निकाय आम चुनाव 2026 के अन्तर्गत जिले की सातों नगर निकायों में अध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने बताया कि नगर परिषद धौलपुर से निर्दलीय गिरीश गर्ग निर्विरोध निर्वाचित हुए। नगर पालिका बाड़ी में भाजपा के मुकेश कुमार सिंघल ने कांग्रेस की रेनू सिंघल को 9 मतों से हराया। नगर पालिका बसेड़ी में भाजपा के राघवेंद्र निर्विरोध निर्वाचित हुए। नगर पालिका मनियां में कांग्रेस के ब्रजेश कुमार ने भाजपा की मोहिनी को 12 मतों से पराजित किया। नगर पालिका सैपऊ में भाजपा के पप्पू ने कांग्रेस के मुनेश सिंह को 12 मतों से हराया। नगर पालिका सरमथुरा में कांग्रेस की रामकला निर्विरोध निर्वाचित हुईं। वहीं नगर पालिका राजाखेड़ा में कांग्रेस की अंजलि ने भाजपा की पूनम सोनी को 15 मतों से हराकर अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। इस प्रकार जिले की सभी सातों नगर निकायों में अध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### सरपंच एवं वार्डवार पंच पदों के आरक्षण की प्रक्रिया 24 सितम्बर को होगी आयोजित

**चमकता राजस्थान** धौलपुर संवाददाताः रामदास तरुण धौलपुर। पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्डवार पंच पदों के आरक्षण की प्रक्रिया को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी की जा रही हैं।
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, राजस्थान द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना में पंचायत समिति धौलपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में सरपंच पद तथा ग्राम पंचायतों के विभिन्न वार्डों में पंच पदों के आरक्षण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।उपखंड अधिकारी धौलपुर सुरेश राव ने बताया कि 24 सितम्बर 2026 को प्रातः 11:30 बजे से ग्राम पंचायतवार सरपंच पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। सरपंच पदों के आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद ग्राम पंचायतों के वार्डवार पंच पदों के आरक्षण की प्रक्रिया भी संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि आरक्षण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार, धौलपुर में किया जाएगा। आरक्षण प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार संपन्न होगी।
इस दौरान संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंच पदों के लिए आरक्षण की स्थिति स्पष्ट होगी, जिसके आधार पर आगामी चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

# महापौर चुनाव में रोमांचक मुकाबला, राजबाला हिंगड़ को 29 और सुमित्रा जैन को मिले 3 मत

## पाली में नमिता बुबकिया बनीं महापौर, 33 मतों से दर्ज की जीत

**चमकता राजस्थान**

ब्यूरो चीफ जेके बावल पाली , नगर निगम आम चुनाव 2026 के तहत सोमवार को पाली नगर निगम के महापौर पद का चुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतगणना के बाद भाजपा प्रत्याशी नमिता बुबकिया 33 मत प्राप्त कर महापौर निर्वाचित हुईं। निर्दलीय प्रत्याशी राजबाला हिंगड़ को 29 तथा कांग्रेस प्रत्याशी सुमित्रा जैन को 3 मत मिले। 65 सदस्यीय निगम में महापौर पद के लिए बहुमत का आंकड़ा 33 था।
निर्वाचन अधिकारी एवं नगर निगम के रिटर्निंग अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को मतदान कराया गया। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना की गई और परिणाम घोषित किया गया। नमिता बुबकिया ने 33 मत हासिल कर महापौर पद पर जीत दर्ज की।
चुनाव प्रक्रिया के दौरान नगर निगम कार्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार अधिकारियों एवं कार्मिकों ने पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया।

- **29 पार्षदों वाली कांग्रेस प्रत्याशी को मिले सिर्फ 3 वोट**



पाली नगर निगम में चुनाव के बाद कांग्रेस के 29, भाजपा के 21 और निर्दलीय 15 पार्षद थे। इसके बावजूद महापौर चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सुमित्रा जैन को केवल 3 मत मिले, जबकि निर्दलीय राजबाला हिंगड़ को 29 मत प्राप्त हुए। भाजपा की नमिता बुबकिया ने 33 मत हासिल किए।

उपमहापौर चुनाव की तैयारियां तेज

महापौर चुनाव संपन्न होने के साथ ही अब उपमहापौर पद के निर्वाचन की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत के अनुसार सोमवार तक उपमहापौर पद के लिए कुल 6 नाम निर्देशन पत्र वितरित किए गए हैं। इनमें मेहबूब एवं रशीदा बानो को दो-दो तथा कान्तिलाल एवं जोगेन्द्र सिंह को एक-एक नाम निर्देशन पत्र वितरित किया गया है।
उपमहापौर पद के लिए नाम निर्देशन, संवीक्षा, नाम वापसी और मतदान सहित निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विशेषाधिकारी निर्वाचन पाली चौधरी बिरजू गोपाल, उप पंजीयक प्रथम शिवजीराम बावरी, तहसीलदार सुनील कुमार, तहसीलदार निर्वाचन नेहा चौधरी, सुरेश कुमार व्यास, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, अभिषेक चतुर्वेदी, गजेन्द्र दवे, तुलसीराम चौहान, ताराचंद सेजू, युजवेन्द्र खेमलानी, रामलाल मानपुरा सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## दिल्ली दंगे: उमर खालिद, शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं पर 30 सितंबर को होगी सुनवाई

**नयी दिल्ली:** दिल्ली उच्च न्यायालय ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में फरवरी 2020 में हुए दंगों के पीछे कथित ''व्यापक साजिश'' से जुड़े यूएपीए मामले में सोमवार को कार्यकर्ता उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 30 सितंबर के लिए सूचीबद्ध कर दी। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति दिनेश भट्ट की पीठ ने दिल्ली पुलिस के वकील द्वारा स्थगन का अनुरोध किए जाने के बाद सुनवाई टाल दी। विशेष लोक अभियोजक मधुकर पांडे ने कहा कि अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू स्वास्थ्य कारणों से उपस्थित नहीं हो सके हैं। पीठ ने कहा, 'मामले की सुनवाई 30 सितंबर के लिए स्थगित की जाती है।'

## अहमदाबाद हवाई अड्डे पर 8.9 करोड़ रुपये का गांजा बरामद, मुंबई का व्यक्ति पकड़ा गया

**अहमदाबाद:** अहमदाबाद हवाई अड्डे पर सोमवार को 41 वर्षीय एक व्यक्ति को पकड़ा गया और उसके कब्जे से 8.9 करोड़ रुपये मूल्य का हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बैंकॉक से आए यात्री ने प्रतिबंधित पदार्थ को अपने सामान में छिपा रखा था। इस संबंध में एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अहमदाबाद सीमा शुल्क विभाग की 'एयर इंटेलिजेंस यूनिट' (एआईयू) के अधिकारियों ने मुंबई निवासी इमरान शेख को रोककर उसके सामान की तलाशी ली। उन्होंने कहा कि टीम को सामान के भीतर कपड़ों में छिपाकर रखे गए 14 प्लास्टिक पैकेट मिले जिनमें हरे रंग का पदार्थ था, जो प्रारंभिक जांच में गांजा पाया गया।

## भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने और रहने के मामले में दो बांग्लादेशी महिलाओं को दोषी ठहराया गया

**ठाणे:** भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने और बिना वैध दस्तावेजों के रहने के अलग-अलग मामलों में दो बांग्लादेशी महिलाओं को दोषी ठहराया गया है। पहले मामले में, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बी. डी. शेल्के ने 55 वर्षीय मोर्जिना ओलियर फकीर को विदेशी अधिनियम की धारा 14ए(बी) के तहत दोषी ठहराया और उन्हें दो साल के सश्रम कारावास तथा 10,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। मानव तस्करी विरोधी प्रकोष्ठ (एएचटीसी) ने फकीर को पिछले साल 12 मई को मीरा मार्ग (पूर्व) के शांति पार्क से गिरफ्तार किया था। वहीं, दूसरे मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी. एल. भोसले ने 35 वर्षीय रूपबन बेगम चाचामियां शेख को भारतीय पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम और विदेशी अधिनियम, 1946 के तहत दोषी ठहराया। एएचटीसी ने शेख को 24 मई 2025 को मीरा रोड (पूर्व) से गिरफ्तार किया था। अधिकारियों को उसके मोबाइल फोन में बांग्लादेशी पासपोर्ट और राष्ट्रीय पहचान पत्र की डिजिटल प्रतियां मिली थीं।

## ईडी ने महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में 'ईजमाईट्रिप' प्रवर्तक के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**नयी दिल्ली/रायपुर:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप धन शोधन मामले में 'ईजमाईट्रिप' के सह-संस्थापक निशांत पिट्टी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसमें उन पर विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के नाम पर अवैध सट्टेबाजी से प्राप्त राशि को शेयर बाजार में लगाने की सुविधा प्रदान करने का आरोप लगाया गया है। केंद्रीय एजेंसी ने 10 सितंबर को छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक विशेष अदालत के समक्ष आरोपपत्र दाखिल किया और धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जारी एक अनंतिम आदेश के माध्यम से पिट्टी के 59.60 करोड़ रुपये मूल्य के डीमैट शेयर भी कुर्क किए हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन रोधी कानून के तहत इन शेयरों को ''अपराध से अर्जित आय' बताते हुए अदालत से इन्हें जब्त करने की अनुमति मांगी है। आरोपपत्र में लगाए गए आरोपों पर ऑनलाइन यात्रा बुकिंग कंपनी की ओर से अभी कोई जवाब नहीं आया है। अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि ईजमाईट्रिप के चेयरमैन-सह-प्रबंध निदेशक पिट्टी (40) के खिलाफ आरोप रायपुर की विशेष अदालत के समक्ष दायर पांचवें पूरक आरोपपत्र में प्रस्तुत किए गए। ईडी ने आरोपपत्र में एबिक्स समूह के अध्यक्ष विकास गर्ग (53) समेत 42 व्यक्तियों और कंपनियों को नामजद किया है। एजेंसी ने जुलाई में गर्ग के दिल्ली स्थित घर पर छापेमारी के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था।

# जमुई बदसलूकी मामले में सात आरोपी चिन्हित, तीन हिरासत में

## महिला आयोग ने मांगी रिपोर्ट, सरकार ने सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया



**जमुई:** बिहार के जमुई जिले में सड़क किनारे एक लड़के और लड़की के साथ कथित बदसलूकी के मामले में पुलिस ने वीडियो के आधार पर सात आरोपियों की पहचान की है। इनमें से तीन को हिरासत में लिया गया है, जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बिहार राज्य महिला आयोग ने भी घटना का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।जमुई के पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने बताया कि कथित घटना 19 सितंबर की शाम की है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने उसमें दिखाई दे रहे वाहन के नंबर के आधार पर पीड़ित लड़के और लड़की का पता लगाया। उन्होंने कहा कि दोनों ने घटना के अगले दिन तक पुलिस में शिकायत नहीं की थी। प्राथमिकी में किसी आरोपी का नाम नहीं है, लेकिन वीडियो फुटेज के आधार पर करीब सात लोगों की पहचान की गई है।पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार तीन आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच के लिए एसडीपीओ दीप्ति मोनाली के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया है। एडीजी (कानून-व्यवस्था) केएस अनुपम ने बताया कि तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है और दो अन्य युवकों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। मामले में पॉक्सो अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।पुलिस ने सोशल मीडिया मंचों से आपत्तिजनक वीडियो हटाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। वीडियो प्रसारित करने वाले दो दर्जन से अधिक लोगों, सोशल मीडिया हैंडल और अकाउंट को चिन्हित किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि वीडियो प्रसारित करने वालों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, 'पीटीआई' वीडियो की प्रामाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर पाया है।महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा ने कहा कि लड़कियों और महिलाओं के साथ इस तरह का व्यवहार स्वीकार्य नहीं है। आयोग ने जिलाधिकारी से मामले की जानकारी मांगी है।घटना को लेकर विपक्षी दलों ने राज्य सरकार पर कानून-व्यवस्था को लेकर निशाना साधा। राहुल गांधी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। तृणमूल कांग्रेस ने भी घटना की निंदा की।सत्तारूढ़ भाजपा और जदयू ने कहा कि सरकार मामले को गंभीरता से ले रही है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बिहार सरकार के मंत्री सुनील कुमार तथा जमुई की विधायक श्रेयसी सिंह ने भी सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# मंगलुरु को दक्षिण पश्चिम रेलवे जोन में रखने से परिचालन संबंधी मुद्दों का समाधान होगा: वैष्णव



**नयी दिल्ली:** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि पूरे मंगलुरु रेलवे क्षेत्र को दक्षिण पश्चिम रेलवे (एसडब्ल्यूआर) जोन के अंतर्गत लाने का फैसला परिचालन संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए लिया गया है। वैष्णव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मंगलुरु रेलवे क्षेत्र पहले तीन अलग-अलग जोन में बंटा हुआ था, जिससे 'परिचालन संबंधी गंभीर समस्याएं' पैदा हो रही थीं। उन्होंने कहा कि मंगलुरु को दक्षिण पश्चिम रेलवे जोन में रखने के फैसले से परिचालन संबंधी समस्याओं का समाधान होगा। रेल मंत्री ने कहा कि उन्होंने मंगलुरु को एसडब्ल्यूआर में स्थानांतरित करने और केरलम में रेलवे नेटवर्क के विकास पर चर्चा के लिए राज्य के सांसदों से मुलाकात की। रेल मंत्रालय ने एक प्रेस नोट जारी कर मंगलुरु रेलवे क्षेत्र के अलग-अलग रेलवे जोन में बंटे होने से उत्पन्न परिचालन संबंधी चुनौतियों का ब्योरा दिया। मंगलुरु रेलवे क्षेत्र दक्षिण रेलवे (एसआर), दक्षिण पश्चिम रेलवे (एसडब्ल्यूआर) और कोंकण रेलवे कॉरपोरेशन लिमिटेड (केआरसीएल) में विभाजित था। मंत्रालय ने कहा, 'गोवा या हासन की ओर से मंगलुरु आने वाली किसी भी ट्रेन को स्टेशन पहुंचने से पहले तीन परिचालन क्षेत्रों और 'इंटरचेंज' बिंदुओं से होकर गुजरना पड़ता था, जिससे अनावश्यक देरी होती थी और ट्रेन के संचालन में नियंत्रण व भीड़भाड़ संबंधी दिक्कतें आती थीं।' अधिकारियों के अनुसार, यह परिचालन क्षेत्र का युक्तिसंगत पुनर्गठन है, जो नेटवर्क में समय-समय पर किए जाने वाले ऐसे ही सीमा पुनर्संयोजन के अनुरूप है। इसका उद्देश्य 'इंटरचेंज' संबंधी समस्याओं को कम करना और दक्षता में सुधार करना है। केरलम के कई सांसदों ने मंगलुरु क्षेत्र को दक्षिण रेलवे से दक्षिण पश्चिम रेलवे में स्थानांतरित करने का विरोध किया, क्योंकि यह क्षेत्र माल ढुलाई परिचालन से काफी राजस्व अर्जित करता है।

## मुंबई: कैब दुर्घटना में इंडिगो की विमान परिचालिका की मौत, वाहन चालक पर मामला दर्ज



**मुंबई:** मुंबई के उपनगरीय बोरीवली में एक कैब, पुल की सुरक्षा दीवार से टकरा गई जिससे उसमें सवार इंडिगो एयरलाइंस की 32 वर्षीय विमान परिचालिका की सिर पर गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मीरा रोड की रहने वाली कैनूर मिस्त्री कैब से शुक्रवार तड़के काम से घर लौट रही थीं तभी यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि चालक विजय खोसे (25) ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया जिसके कारण कैब पश्चिमी एक्सप्रेस राजमार्ग पर पुल की सुरक्षा दीवार से जा टकराई। मिस्त्री की शनिवार शाम मौत के बाद पुलिस ने खोसे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) के तहत लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया और जांच के लिए पेश होने का नोटिस दिया। अधिकारी ने बताया कि हादसे में चालक को चोट नहीं आई थी। राहगीरों की मदद से उसने मिस्त्री को मीरा रोड के एक अस्पताल पहुंचाया। एयरलाइन ने 'केबिन क्रू' को लाने-ले जाने के लिए एक निजी एजेंसी के जरिए यह कैब किराये पर ली थी। पुलिस के अनुसार हादसे के समय चालक शराब के नशे में नहीं था और वह घटनास्थल से फरार भी नहीं हुआ। मामले की जांच की जा रही है। मिस्त्री के परिवार में उनका आठ वर्षीय बेटा है।

## चोरी के लिए विमान से केरल पहुंचे उत्तर प्रदेश के 11 सदस्यीय गिरोह के सदस्य गिरफ्तार



**कोच्चि/त्रिशूर (केरलम):** चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के इरादे से विमान से केरलम पहुंचे उत्तर प्रदेश के 11 सदस्यीय अंतरराज्यीय गिरोह को कोच्चि, त्रिशूर और कन्नूर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान के तहत गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गिरोह ने केरल के विभिन्न जिलों में निर्माणाधीन मकानों, तांबे की पट्टियों वाले कई बड़े जेनरेटर और टेलीफोन एक्सचेंज बूथ को कथित तौर पर अपना निशाना बनाया था। चोरी की घटनाओं को अंजाम देते समय आरोपी निर्माण श्रमिकों जैसी पोशाक पहना करते थे ताकि किसी को उनपर संदेह न हो। पुलिस ने बताया कि उनके पास से ऐसी पोशाक बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मेरठ और बागपत के रहने वाले गिरोह के सदस्य विमान से केरलम पहुंचे थे, जबकि यात्रा और चोरी में इस्तेमाल किए जाने वाले दोपहिया वाहनों को दिल्ली से ट्रेन के जरिए केरलम लाया गया था। त्रिशूर में चोरी की कोशिश के दौरान गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किये जाने के बाद पुलिस ने यह अभियान शुरू किया था। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि उसके साथी कोच्चि में ठहरे हुए हैं। प्राप्त सूचना के आधार पर कोच्चि सिटी पुलिस ने त्रिशूर पुलिस के साथ मिलकर कलामासेरी के एक लॉज में छापा मारा और गिरोह के पांच और सदस्यों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के दौरान उनसे मिली जानकारी के आधार पर, कन्नूर से वारदात को अंजाम दे रहे गिरोह के और पांच सदस्यों को कन्नूर पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ लोगों के खिलाफ पहले भी थ्रिक्काकारा थाने में इसी तरह की घटनाओं के संबंध में मामले दर्ज किए गए थे।

## दिल्ली उच्च न्यायालय को सात नए न्यायाधीश मिले, न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 50 हुई



**नयी दिल्ली:** दिल्ली उच्च न्यायालय में सात न्यायिक अधिकारियों ने सोमवार को न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली, जिससे अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 50 हो गई है। मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय ने न्यायमूर्ति निवेदिता अनिल शर्मा, न्यायमूर्ति निशा सहाय सक्सेना, न्यायमूर्ति संजय शर्मा, न्यायमूर्ति भरत पाराशर, न्यायमूर्ति अदिति चौधरी, न्यायमूर्ति दिनेश भट्ट और न्यायमूर्ति अरुण भारद्वाज को शपथ दिलाई। ये सभी यहां की जिला अदालतों में न्यायिक अधिकारी के तौर पर काम कर रहे थे। शपथ ग्रहण समारोह उच्च न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया और शपथ दिलाने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने नए न्यायाधीशों को बधाई दी। न्यायमूर्ति शर्मा और न्यायमूर्ति सक्सेना ने अंग्रेजी में शपथ ली जबकि बाकी पांच न्यायाधीशों ने हिंदी में शपथ ली। इन सभी को उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम की सिफारिश के बाद केंद्र सरकार ने 19 सितंबर को इन सात न्यायिक अधिकारियों की नियुक्तियों के संबंध में अधिसूचना जारी की थी। उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 60 है और सात नयी नियुक्तियों के साथ न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 50 हो गई है।

# मध्यप्रदेश हादसे में मृत ओडिशा के परिवार के सात सदस्यों का पुरी में अंतिम संस्कार



**भुवनेश्वर:** मध्यप्रदेश में बारिश के पानी से उफनते नाले में वाहन बह जाने से जान गंवाने वाले भुवनेश्वर के एक परिवार के सात सदस्यों का सोमवार तड़के पुरी के स्वर्गद्वार में अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों ने यह जानकारी दी।मृतकों के शव रविवार देर रात करीब 1:30 बजे मध्यप्रदेश के गढ़ाकाना से भुवनेश्वर लाए गए। आगर-मालवा जिले के चार वरिष्ठ अधिकारी पुलिस दल के साथ शव लेकर पहुंचे। ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन, पुलिस आयुक्त एस. देव दत्ता सिंह और स्थानीय विधायकों ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी। बाद में शवों को पुरी ले जाया गया, जहां स्वर्गद्वार में अंतिम संस्कार किया गया।हरिचंदन ने घटना पर शोक जताते हुए कहा कि सात जिंदगियों का चले जाना बेहद दुखद है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने प्रत्येक मृतक के परिजन को चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।परिवार के सात सदस्यों की शनिवार सुबह आगर-मालवा जिले में मौत हुई थी। वे मां बगलामुखी मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे, तभी नलखेड़ा के पास बारिश के पानी से उफनते नाले में उनका वाहन बह गया।मृतकों की पहचान सिब प्रसाद बेहरा (43), ज्ञानेंद्र कुमार बेहरा (40), रीता रानी बेहरा (36), राधा रानी बेहरा (34), कृष्ण राजबीर (13), साई स्वर्ण प्रभा बेहरा (6) और साई स्वास्तिक बेहरा (10) के रूप में हुई है।

## सेना प्रमुख की रूस यात्रा ने भारत-रूस के बीच मित्रता के स्थायी संबंधों को रेखांकित किया : सेना

नयी दिल्ली: सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ की 16 से 18 सितंबर तक की रूस यात्रा ने दोनों देशों के बीच मित्रता, विश्वास और सैन्य कूटनीति के ''स्थायी संबंधों' को रेखांकित किया तथा गहरे रक्षा सहयोग के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को मजबूत किया। यह बात भारतीय सेना ने सोमवार को कही। यात्रा के दौरान सेना प्रमुख ने रूस के रक्षा उप मंत्री सहित वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत की और प्रमुख सैन्य संस्थानों का दौरा किया। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'थलसेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने 16 से 18 सितंबर 2026 तक रूस की आधिकारिक यात्रा की।

## कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबियाई चीते 'गौरव' की इलाज के दौरान मौत



**श्योपुर:** मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबियाई चीते 'गौरव' की सोमवार शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। वन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 10 वर्षीय गौरव को 12 सितंबर को कमजोर और सुस्त पाए जाने के बाद जंगल से लाया गया था और उसका इलाज किया जा रहा था। चीता परियोजना के क्षेत्र निदेशक ने एक बयान में कहा, जांच करने पर स्पष्ट रूप से पाया गया कि वह बेहद कमजोर हो चुका है। उसकी मांसपेशियां भी शिथिल थीं। गौरव को तत्काल आवश्यक उपचार प्रदान किया गया, जिसके बाद उसे पालपुर में स्थानांतरित कर दिया गया। पालपुर में उसे एक 'क्वारंटाइन बोमा' (क्यूबी) में करीबी निगरानी में रखा गया। निदेशक ने बताया कि प्रारंभिक नैदानिक जांच में पाया गया कि वह संभवतः एक अंतर्निहित पुरानी बीमारी से पीड़ित था। उन्होंने कहा, लगातार उपचार और देखभाल के बावजूद उसकी हालत बिगड़ गई और सोमवार शाम लगभग चार बजे उसने दम तोड़ दिया। निदेशक ने कहा कि पोस्टमार्टम और एकत्र किए गए नमूनों के विश्लेषण के बाद मौत के सही कारण का पता लग पाएगा। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही अधिक विवरण उपलब्ध कराया जा सकेगा। निदेशक ने कहा कि इसके साथ ही कूनो राष्ट्रीय उद्यान में अब 51 चीते बच गए हैं, जिनमें भारतीय मूल के 36 चीते शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 51 चीतों में से 16 वर्तमान में जंगल में स्वतंत्र रूप से घूम रहे हैं। निदेशक ने बताया कि गांधी सागर अभयारण्य में मौजूद चार चीतों के साथ भारत में चीतों की कुल संख्या अब 55 हो गई है।

# निदेशक ने इस्तीफा नहीं दिया, छात्र की मौत से जुड़े पूर्व के बयान पर हमें खेद है: आईआईटी मुंबई

**मुंबई:** मुंबई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने सोमवार को कहा कि उसके निदेशक ने इस्तीफा नहीं दिया है, वहीं संस्थान ने एक छात्र की मौत से जुड़ी परिस्थितियों के बारे में पहले जारी किए गए अपने बयान पर खेद भी जताया। संस्थान का यह बयान संभवतः छात्र की मौत की घटना की जांच शुरू होने से पहले ही परीक्षा में उसके द्वारा कृत्रिम मेधा (एआई) के कथित इस्तेमाल के खुलासे के संदर्भ में आया है। अधिकारियों के अनुसार, ऊर्जा विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग में बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र साहिल रवींद्र वाकोडे (22) का शव शुक्रवार शाम आईआईटी मुंबई के पवई परिसर स्थित छात्रावास के कमरे में पंखे से बंधे फंदे पर लटका मिला था। आरोप है कि परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन और चैटजीपीटी का इस्तेमाल करते हुए पकड़े जाने के कुछ ही घंटे बाद वाकोडे ने आत्महत्या कर ली। महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के रहने वाले छात्र के परिवार ने आरोप लगाया है कि वाकोडे को संस्थान में प्रताड़ित किया गया और उसे जातिगत भेदभाव तक झेलना पड़ा जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। छात्र की आत्महत्या के बाद परिसर में छात्रों ने विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि वाकोडे को निलंबित करने की धमकियां दी गईं। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर शिरीष केदारे ने रविवार को प्रदर्शनकारियों से कहा कि वह सोमवार को इस्तीफा दे देंगे। हालांकि, केदारे ने स्पष्ट किया कि उन्हें इसके लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा। हालांकि, संस्थान ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उसके निदेशक ने इस्तीफा नहीं दिया है।

## अमेरिका में हत्या के बाद केरलम की दो महिलाओं के शव स्वदेश लाए गए



**कोच्चि:** केरलम की जिन दो महिलाओं की अमेरिका के कैलिफोर्निया में पिछले महीने कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी, उनके शव सोमवार को कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर लाये जाने के बाद रिश्तेदारों को सौंप दिये गए। अमेरिका में पुलिस और मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कोट्टायम की रहने वाली अनीला बेबी (32) ने अपनी दो सहेलियों, एन मैरी मैथ्यू (35) और अंजना हरि (35) की अलग-अलग हमलों में कथित तौर पर हत्या कर दी थी। दोनों हमले करीब 90 मिनट के अंतराल पर किये गए थे। ये घटनाएं 28 अगस्त को सैन होजे और मिलपिटास में हुईं, जो अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के साउथ बे इलाके में स्थित हैं और ये दोनों शहर एक-दूसरे से 20 किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित हैं। बेबी को घटना के दिन ही गिरफ्तार कर लिया गया और शुरूआत में उसे मिलपिटास में हुई हत्या के मामले में आरोपित किया गया। हालांकि, आठ सितंबर को सरकारी वकीलों ने बेबी पर ऐन की हत्या का आरोप भी लगाया। हवाईअड्डा पर मौजूद पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, त्रिशूर की रहने वाली अंजना और तिरुवनंतपुरम के केशवदासपुरम की रहने वाली ऐन के शव पूर्वाह्न करीब 11 बजे उनके रिश्तेदारों को सौंप दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि ऐन का शव कोट्टायम स्थित उनके पति के घर ले जाया जाएगा। ऐन की अंत्येष्टि मंगलवार को की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि अंजना का शव त्रिशूर के विलांगनूर स्थित उनके पति के घर ले जाया गया। सोमवार शाम उनकी अंत्येष्टि की जाएगी।

## हैदराबाद: 20 रुपये किराये को लेकर हुए विवाद में ऑटो-रिक्शा चालक की पीटकर हत्या

हैदराबाद: हैदराबाद में किराये के पैसे को लेकर हुए विवाद के बाद तीन लोगों ने 42 वर्षीय ऑटो-रिक्शा चालक की कथित तौर पर पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार शाम वट्टेपल्ली में हुई। ऑटो रिक्शा चालक की बेटी की शिकायत के आधार पर फल्कनुमा पुलिस थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया और दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया, 20 रुपये किराये को लेकर हुए विवाद के बाद तीन लोगों ने चालक की पिटाई कर दी। हमले के दौरान चालक को दौरे भी पड़े और बाद में उसकी मौत हो गई।

# ओडिशा में एसआईआर के बाद मतदाता सूची से करीब 20 लाख नाम हटाए गए



**भुवनेश्वर:** ओडिशा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पूरी होने के बाद करीब 20 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एस. गोपालन ने बताया कि अब राज्य में दर्ज कुल मतदाताओं की संख्या 3.16 करोड़ हैं। उन्होंने बताया कि 30 मई से दो चरणों में शुरु की गई एसआईआर प्रक्रिया सोमवार को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ पूरी हुई। एसआईआर से पहले राज्य में करीब 3.34 करोड़ मतदाता थे। पांच जुलाई को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद मतदाताओं की संख्या घटकर 3.13 करोड़ रह गई थी। गोपालन ने बताया कि गणना चरण में बूथ स्तर के अधिकारियों के जरिए मतदाताओं को प्रपत्र वितरित किए गए। कुल 3,13,87,034 प्रपत्र भरे गए जो कुल मतदाताओं का 93.97 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि जिन 20,12,557 मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए उनके नाम मसौदा मतदाता सूची से बाहर हो गए। उन्होंने बताया कि मसौदा मतदाता सूची में शामिल 3.13 करोड़ मतदाताओं में से तीन करोड़ का स्वयं या उनके वंशज के रूप में मिलान हो गया जबकि 12.98 लाख मतदाताओं का मिलान नहीं हो सका। निर्वाचन आयोग ने ऐसे मतदाताओं को सत्यापन के लिए नोटिस जारी किए। इसके अलावा प्रविष्टियों में तार्किक विसंगतियां पाए जाने पर 45.37 लाख मतदाताओं को भी नोटिस जारी किये गए।

## हिमाचल सरकार विधवाओं के 19-27 आयु वर्ग के बच्चों को देगी 1,000 रुपये मासिक जेब खर्च : सुक्खू

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को कहा कि 'इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना' के तहत विधवाओं और एकल महिलाओं के पात्र बच्चों को हर महीने 1,000 रुपये जेब खर्च देने का प्रावधान अब 19 से 27 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए भी लागू किया जाएगा। वर्तमान में, यह सहायता केवल 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों को ही दी जाती है। इस प्रमुख योजना के तहत सुक्खू सरकार विधवा, एकल और निराश्रित महिलाओं के पात्र बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए सहायता प्रदान करती है। सुक्खू ने यहां महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के अंतर्गत राज्य सरकार वर्तमान में 21,292 लाभार्थियों को सहायता प्रदान कर रही है, जिसके लिए चालू वित्त वर्ष में 40.29 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है।

# पॉपुलेशन फाउंडेशन ने जनसांख्यिकीय तैयारियों पर ध्यान देने की अपील की

**नयी दिल्ली:** गैर-लाभकारी संगठन पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीएफआई) ने भारत में बदलती जनसांख्यिकीय स्थिति के बीच जनसंख्या नियंत्रण से आगे बढ़ते हुए समानता व जनसांख्यिकीय तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की है। पीएफआई ने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) की हालिया रिपोर्ट 'द घोस्ट ऑफ पॉपुलेशन पास्ट: हाउ पॉपुलेशन कंट्रोल पर्सिस्ट्स इन इंडिया' के बाद भारत की बदलती जनसांख्यिकीय स्थिति पर फिर से ध्यान दिए जाने का स्वागत किया। गैर-लाभकारी संगठन ने कहा कि इस रिपोर्ट में महत्वपूर्ण बात कही गई है कि भारत को जनसंख्या नियंत्रण की पुरानी भाषा और नीतिगत सोच से आगे बढ़ना चाहिए। संगठन ने कहा कि देश की कुल प्रजनन दर अब प्रतिस्थापन स्तर से नीचे आ गई है। इसने कहा, भारत में प्रजनन दर पहले ही काफी कम हो चुकी है और देश की कुल प्रजनन दर अब प्रतिस्थापन स्तर से नीचे है। संगठन ने कहा कि कई राज्य, खासकर दक्षिणी, पश्चिमी और उत्तरी भारत के कुछ हिस्से, पहले ही बहुत कम प्रजनन दर का सामना कर रहे हैं। ऐसे राज्यों को बढ़ती बुजुर्ग आबादी, युवाओं की घटती संख्या, देखभाल की जरूरतों, पलायन और कार्यबल में होने वाले बदलावों के लिए पहले से योजना बनानी होगी। पीएफआई की कार्यकारी निदेशक पूनम मुत्तरेजा ने कहा, भारत में जनसांख्यिकीय बदलाव अब भी काफी असमान है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय औसत राज्यों, जिलों, आय वर्गों, ग्रामीण और शहरी आबादी तथा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच के स्तर के बीच मौजूद महत्वपूर्ण अंतर को छिपा देते हैं। उन्होंने कहा, बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य तथा पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में अब भी युवा आबादी अधिक है और इनकी विकास संबंधी जरूरतें केरल, तमिलनाडु, पंजाब, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों से अलग हैं। संगठन ने कहा कि परिवार नियोजन भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंडे का महत्वपूर्ण हिस्सा बना रहना चाहिए, लेकिन इसे जनसंख्या कम करने के साधन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। संगठन ने कहा कि परिवार नियोजन को प्रजनन संबंधी स्वायत्तता, बच्चों के जन्म के बीच अंतर रखने, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं तक पहुंच के मुद्दे के रूप में समझा जाना चाहिए।

# एशियाई खेलों में भारत को फिर स्वर्ण का इंतजार, निशानेबाजों ने दिलाए तीन पदक

**नागोया :** एशियाई खेलों में भारत का स्वर्ण पदक का इंतजार सोमवार को भी जारी रहा। निशानेबाजी में भारत ने दो रजत और एक कांस्य सहित तीन पदक जीते, जबकि मिश्रित मार्शल आर्ट्स (एमएमए) में सुचिका तारियाल ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। भारत के कुल पदकों की संख्या छह हो गई है, जिसमें चार रजत और दो कांस्य शामिल हैं।सुचिका को महिलाओं के 60 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में सिंगापुर की हुई हून तेओ के खिलाफ मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद 700 ग्राम अधिक वजन के कारण फाइनल में जगह नहीं मिल सकी। नियमों के अनुसार मुकाबला बराबर रहने पर कम वजन वाले खिलाड़ी को विजेता माना जाता है। इसके बावजूद सुचिका ने



एमएमए में भारत को पहला एशियाई खेल पदक दिलाकर इतिहास रचा।36 वर्षीय सुचिका हरियाणा के रोहतक जिले के किलोई गांव की रहने वाली हैं। वह 2024 में जिउ-जित्सु की विश्व चैंपियन रह चुकी हैं और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में जूडो तथा 2022 एशियाई खेलों में कुराश में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।निशानेबाजी में हिमांशु ढिल्लों ने व्यक्तिगत रजत और रुद्रांक्ष पाटिल ने कांस्य पदक जीता। दोनों ने पार्थ माने के साथ टीम स्पर्धा में रजत भी हासिल किया। इस तरह निशानेबाजी में भारत के पदकों की संख्या पांच हो गई है। चीन ने 1899 अंक के विश्व रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता।अन्य स्पर्धाओं में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। महिला हॉकी टीम ने इंडोनेशिया को 17-1 से हराया। पुरुष बैडमिंटन टीम ने बांग्लादेश को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। महिला और पुरुष टेबल टेनिस टीमों ने पाकिस्तान को समान 3-0 के अंतर से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया।कबड्डी में गत चैंपियन भारतीय पुरुष टीम ने जापान को 49-24 और महिला टीम ने बांग्लादेश को 42-21 से हराकर जीत से अभियान शुरू किया। मुक्केबाजी में सुमित कुंडू ने 70 किग्रा वर्ग में आसान जीत दर्ज की।हालांकि तैराकी में श्रीहरि नटराज 50 मीटर बैकस्ट्रोक के फाइनल में 25.52 सेकंड के समय के साथ 10वें स्थान पर रहे। सॉफ्ट टेनिस में आध्या तिवारी और जय मीना को मिश्रित युगल में फिलीपींस से 2-5 से हार मिली।

## भारत की कबड्डी टीम ने जापान को 49-24 से हराकर खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शुरुआत की

**टोकाई सिटी (जापान) :** गत चैंपियन भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने सोमवार को यहां एशियाई खेलों में मेजबान जापान को 49-24 से हराकर अपने खिताब की रक्षा के अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और टोकाई सिटीजन्स जिम्नेजियम में अयान लोचब और देवांक दलाल ने रेडिंग में प्रभावी प्रदर्शन करते हुए मध्यांतर तक टीम को 31-9 की बढ़त दिला दी। गत चैंपियन भारत ने दूसरे हाफ में 18 अंक और जोड़े। भारत ने 36 अंक आउट करके, आठ अंक ऑलआउट करके और दो अंक सुपर टैकल के जरिए हासिल किए। भारत को ग्रुप ए में जापान, दक्षिण कोरिया, चीनी ताइपे और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। भारतीय टीम मंगलवार को अपने अगले मुकाबले में दक्षिण कोरिया का सामना करेगी। गत चैंपियन भारतीय महिला टीम सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

## जहीर खान बने चेन्नई सुपर किंग्स के नये कोच



**चेन्नई :** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने सोमवार को आगामी सत्र के लिए भारत के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज जहीर खान को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया। जहीर ने स्टीफन फ्लेमिंग की जगह ली है, जिन्होंने 18 सत्र तक टीम की कमान संभाली। सीएसके ने 'एक्स' पर घोषणा करते हुए लिखा, चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच के रूप में जहीर खान का स्वागत है। जल्द ही 48 वर्ष के होने वाले जहीर ने भारत के लिए 92 टेस्ट, 200 वनडे और 17 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। 2011 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक खिताबी जीत के दौरान वह 21 विकेट लेकर टूर्नामेंट में टीम के सबसे सफल गेंदबाज रहे थे। जहीर 2024 सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर की भूमिका भी निभा चुके हैं। फ्लेमिंग ने पिछले साल जुलाई में पांच बार की चैंपियन सीएसके से अलग होने की घोषणा की थी। समझा जाता है कि सीएसके की क्रिकेट प्रबंधन समिति में शामिल एमएस धोनी, कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और मालिक रूपा गुरुनाथ इस बार एक भारतीय कोच चाहते थे।

## कभी नहीं सोचा था जापान में खेलूंगा, यह क्रिकेट के बढ़ते दायरे का प्रमाण है: अय्यर



**तोक्यो :** भारत के जापान में द्विपक्षीय टी20 मुकाबला खेलने को कप्तान श्रेयस अय्यर ने क्रिकेट के नये क्षेत्रों में विस्तार की सफलता का प्रतीक करार दिया। भारत और जापान के बीच मंगलवार को होने वाला मुकाबला दोनों देशों के बीच पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच होगा। यह मैच दोनों एशियाई देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोहों की शुरुआत भी करेगा। भारतीय टीम इस मुकाबले के लिए रविवार को जापान पहुंची। टीम मंगलवार को सानो में मेजबान जापान के खिलाफ ऐतिहासिक मुकाबला खेलने के बाद एशियाई खेलों के लिए नागोया रवाना होगी। जापान में क्रिकेट ज्यादा लोकप्रिय नहीं है ऐसे में भारतीय क्रिकेटरों का यहां आना अपने आप में खास अनुभव है। अय्यर से जब पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी जापान जैसे देश में भारत के द्विपक्षीय टी20 मुकाबला खेलने की कल्पना की थी तो उन्होंने कहा, ''मैंने कभी ऐसा नहीं सोचा था लेकिन अब क्रिकेट हर देश में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और सभी टीमें अपने-अपने तरीके से मजबूत बन रही हैं। मुझे यकीन है कि कल का मुकाबला भी रोमांचक होगा।'' लगातार हो रही बारिश के कारण भारत को मैच से पहले अपना अभ्यास सत्र रद्द करना पड़ा। मुकाबला तोक्यो से करीब 100 किलोमीटर दूर स्थित सानो में खेला जाएगा। जापान पहुंचने के अपने शुरुआती अनुभव साझा करते हुए अय्यर ने कहा कि यहां के लोगों का व्यवहार बेहद आत्मीय रहा। उन्होंने कहा, ''यह बहुत खूबसूरत है। यहां उतरते ही हमने लोगों को बेहद सौहार्दपूर्ण, उदार और मददगार पाया। ऐसा व्यवहार हमें अपने देश में भी देखने को मिलता है। यहां की मेहमाननवाजी शानदार है।'' उन्होंने कहा, '' मैंने जापान के बारे में लोगों से काफी अच्छी बातें सुनी हैं। जापान और तोक्यो को लेकर अभी ज्यादा कुछ कहना जल्दबाजी होगी, क्योंकि टीम को यहां आए सिर्फ एक दिन हुआ है। मैं इस देश को और बेहतर तरीके से जानने को उत्सुक हूं।''

## चौहान के शतक से अंडर-19 टीम की बड़ी जीत, भारत ने 2-0 से अजेय बढ़त बनाई

**राजकोट :** यशबर्धन चौहान के शानदार 122 रन और वीके विनीत के 87 रन की मदद से भारत ने सोमवार को दूसरे युवा वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 103 रन से हराकर तीन मैचों की अंडर-19 श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। तीसरा और अंतिम मैच बुधवार को खेला जाएगा।भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 341 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। चौहान ने 100 गेंदों में 15 चौकों और दो छक्कों की मदद से 122 रन बनाए, जबकि विनीत ने 92 गेंदों पर छह छक्कों और चार चौकों की मदद से 87 रन की पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 132 रन की साझेदारी की। आर्यवीर सहवाग ने 47 और कुशाग्र ओझा ने 34 रन का योगदान दिया।बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 41.1 ओवर में 238 रन पर सिमट गई। कप्तान जैक चोस्नेक ने 81 और मैथ्यू लॉघ ने 42 रन बनाए, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी।भारत की ओर से चिगुरुपति वेंकट ने 64 रन देकर तीन विकेट लिए। काव्या पटेल और यशबर्धन चौहान ने दो-दो विकेट चटकाए, जबकि मोहित उल्वा, मनल चौहान और यशवीर गौड़ को एक-एक सफलता मिली।भारत ने बारिश से प्रभावित पहला मैच सात रन से जीता था, जिसे 20 ओवर का कर दिया गया था। श्रृंखला के बाद दोनों टीमें दो मैचों की चार दिवसीय युवा टेस्ट श्रृंखला में भी भिड़ेंगी।

## एएचएफ ने पंजाब के मुख्यमंत्री मान को एशियाई खेलों की हॉकी देखने का न्योता दिया

**चंडीगढ़ :** एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और राज्य सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल को जापान के आइची-नागोया में आयोजित हो रहे एशियाई खेलों की महिला और पुरुष हॉकी प्रतियोगिताओं के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले देखने के लिए आमंत्रित किया है। यह निमंत्रण ऐसे समय आया है जब मुख्यमंत्री मान के नेतृत्व में पंजाब पहली बार पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2026 की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गई। एएचएफ अध्यक्ष फुमियो ओगुरा की ओर से भेजे गए निमंत्रण में 30 सितंबर और एक अक्टूबर को होने वाले महिला एवं पुरुष हॉकी के सेमीफाइनल तथा दो और तीन अक्टूबर को खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले शामिल हैं। एएचएफ ने कहा है कि पंजाब सरकार के प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी से उसे राज्य में किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन के प्रबंधन और संचालन का प्रत्यक्ष अनुभव हासिल करने का अवसर मिलेगा।

## भारत की महिला और पुरुष टेबल टेनिस टीम ने पाकिस्तान को 3-0 से हराया

### क्वार्टर फाइनल में पहुंची




**टोयोटा :** भारत की महिला और पुरुष टेबल टेनिस टीमों ने सोमवार को यहां अपने-अपने पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वियों पर 3-0 से समान जीत हासिल करते हुए एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्काई हॉल में भारतीय महिला टीम ने ग्रुप एफ में लगातार तीसरी जीत दर्ज कर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने रविवार को अपने शुरुआती मुकाबलों में इंडोनेशिया और सिंगापुर को हराया था और इसके बाद चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ भी अपना दबदबा कायम रखा। हांगझोउ एशियाई खेलों में महिला युगल का कांस्य पदक जीतने वाली सुतीर्था मुखर्जी ने अलीना खान को केवल 10 मिनट में 11-3, 11-3, 11-4 से हराकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद 17 वर्षीय सिंड्रेला दास ने कलसूम खान को 11-6, 11-7, 11-5 से हराकर भारत की बढ़त 2-0 कर दी। आईटीटीएफ महिला एकल रैंकिंग में फिलहाल 99वें स्थान पर काबिज सिंड्रेला को घरेलू सर्किट में शानदार प्रदर्शन का इनाम एशियाई खेलों के लिए सीनियर टीम में चयन के रूप में मिला है। श्रीजा अकुला ने फातिमा खान को महज 11 मिनट में 11-4, 11-4, 11-5 से हराकर मुकाबला भारत के नाम किया और टीम को अंतिम आठ में पहुंचाया। बाद में भारतीय पुरुष टीम ने ईरान के खिलाफ पिछले मुकाबले में मिली हार के बाद शानदार वापसी करते हुए पाकिस्तान को 3-0 से करारी शिकस्त दी। विश्व में 97वें नंबर के खिलाड़ी हरमीत देसाई ने पहले मैच में पाकिस्तान के मोहम्मद खान पर 3-0 (11-4, 11-3, 11-5) से जीत के साथ भारत को शानदार शुरुआत दिलाई, जबकि 82वें रैंकिंग के कप्तान जी साथियान ने अब्बास खान पर 3-0 (11-1, 11-8, 11-9) से आसान जीत दर्द की।

## दीपिका, रूतुजा, नवनीत की हैट्रिक से भारत ने इंडोनेशिया को 17-1 से हराया

**काकामिगाहारा :** ड्रैग फ्लिकर दीपिका, फॉरवर्ड रूतुजा पिसाल और नवनीत कौर की हैट्रिक के दम पर भारतीय महिला हॉकी टीम ने इंडोनेशिया को 17 . 1 से हराकर एशियाई खेलों के पूल बी में सोमवार को लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दीपिका ने आठवें, 28वें और 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागे। इससे पहले उजबेकिस्तान के खिलाफ 19 . 0 से मिली जीत में दीपिका ने आठ गोल दागे थे। रूतुजा ने 15वें, 20वें और 38वें मिनट में गोल किये। नवनीत ने 35वें, 56वें और 57वें मिनट में गोल दागे। सुनेलिटा टोप्पो (11वां, 30वां) , लालरेम्सियामी (12वां और 16वां) और साक्षी राणा ( 25वां और 57वां ) ने दो दो गोल किये जबकि कप्तान सलीमा टेटे (35वां) और इशिका चौधरी (36वां ) ने एक एक गोल किया। इंडोनेशिया के लिये एकमात्र गोल इनेस आदितिया ने 32वें मिनट में दागा। भारत का सामना अब बुधवार को थाईलैंड से होगा। उजबेकिस्तान को रविवार को 19 . 0 से हराने के बाद भारत ने ठोस शुरूआत की। भारत को चौथे ही मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला लेकिन नवनीत के प्रयास को इंडोनेशियाई गोलकीपर ने रोक दिया। दीपिका ने आठवें मिनट में भारत को बढत दिलाई। इसके तीन मिनट बाद नेहा के पास पर सुनेलिटा ने गोल दागा। दो मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर पर दीपिका की फ्लिक इंडोनेशियाई गोलकीपर ने बचा ली जिसके बाद रिबाउंड पर लालरेम्सियामी ने गोल किया। रूतुजा ने साक्षी राणा का प्रयास बचा लिये जाने के बाद डिफ्लैक्शन पर गोल दागा। एक मिनट बाद लालरेम्सियामी ने और फिर रूतुजा ने गोल किये।साक्षी ने 27वें मिनट में दीपिका के पेनल्टी कॉर्नर गोल के बाद रिबाउंड पर गोल किया। सुनेलिटा ने इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर पर नवनीत की हिट पर गेंद गोल के भीतर डाली। दो मिनट बाद इंडोनेशिया के लिये इनेस ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला।



# व्यापार

## भारत-कनाडा व्यापार समझौते पर वार्ता का अगला दौर पांच अक्टूबर से : गोयल

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और कनाडा के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) को लेकर बातचीत आगे बढ़ रही है और वार्ता का अगला दौर पांच अक्टूबर से शुरू होगा। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''अगले 90 दिन भारत-कनाडा संबंधों के लिए बहुत महत्वपूर्ण अवधि होने जा रहे हैं।'' दोनों देशों के बीच सीईपीए वार्ता का चौथा दौर 18 सितंबर को नयी दिल्ली में संपन्न हुआ। दोनों देश इस साल के अंत तक बातचीत पूरी करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं, जिसके चलते वार्ता की गति तेज की गई है। गोयल ने कहा, ''दोनों पक्षों ने



बातचीत को तेजी से आगे बढ़ाने का फैसला किया है। इसी के तहत हमारा दल पांच अक्टूबर को पांचवें दौर की वार्ता के लिए जाएगा।'' कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू पिछले सप्ताह गोयल के साथ बातचीत के लिए मुंबई आए थे। भारत से कनाडा को होने वाले प्रमुख निर्यात में दवाएं, लौह एवं इस्पात, समुद्री उत्पाद, सूती परिधान, इलेक्ट्रॉनिक सामान और रसायन शामिल हैं। वहीं, कनाडा से भारत मुख्य रूप से दालें, मोती और कोयला, उर्वरक, कागज और कच्चे तेल का आयात करता है। भारत के कनाडा को सेवा निर्यात में दूरसंचार, कंप्यूटर एवं सूचना सेवाओं तथा अन्य कारोबारी सेवाओं की प्रमुख हिस्सेदारी है। भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते के बारे में गोयल ने कहा कि इसके आने वाले महीनों में लागू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संसद अगले करीब तीन महीनों में समझौते का अनुमोदन कर सकती है और इसके बाद अगले छह-सात महीनों में यह लागू हो सकता है। भारत-चिली व्यापार समझौते के बारे में गोयल ने कहा कि वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने हाल में चिली का दौरा कर बातचीत की प्रगति की समीक्षा की है। उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि आने वाले कुछ महीनों में हमें कुछ अच्छी खबर सुनने को मिलेगी।'' अमेरिकी शुल्क को लेकर सरकार की वैकल्पिक योजना के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने कहा, ''अभी विवरण आ रहे हैं। एक बार हमने उनका अध्ययन कर लिया और उचित समय पर हम आपसे इस बारे में चर्चा करेंगे।'' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 18 सितंबर को रूस और ईरान पर प्रतिबंध संबंधी अधिनियम' पर हस्ताक्षर किए थे।

## सरकार ने 37 साल पुराने डिजिटल संचार आयोग को भंग किया

**नयी दिल्ली :** सरकार ने दूरसंचार विभाग में करीब 37 साल पहले गठित शीर्ष अंतर-विभागीय निर्णय लेने वाले निकाय डिजिटल संचार आयोग को भंग करने की अधिसूचना जारी की है। यह निकाय 1989 में दूरसंचार आयोग के नाम से गठित किया गया था और 2018 में इसका नाम बदलकर डिजिटल संचार आयोग कर दिया गया था। अधिसूचना में कहा गया, ''भारत सरकार ने डिजिटल संचार आयोग को भंग करने का फैसला किया है। अत: इस प्रस्ताव के प्रकाशन की तारीख से डिजिटल संचार आयोग भंग माना जाएगा।'' यह अधिसूचना 19 सितंबर को जारी की गई। नीति आयोग, वित्त मंत्रालय, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग तथा अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों वाले इस शीर्ष निकाय की मदद से दूरसंचार क्षेत्र से जुड़े कई विवादित मुद्दों का समाधान किया जाता था।

## माइक्रोसॉफ्ट ने हैदराबाद में शुरू किया नया क्लाउड क्षेत्र, भारत में चौथा केंद्र

**नयी दिल्ली :** प्रौद्योगिकी दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने देश के डिजिटल और कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे में अपनी 20.5 अरब अमेरिकी डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता के तहत सोमवार को हैदराबाद में अपना चौथा भारतीय क्लाउड क्षेत्र शुरू किया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 'इंडिया साउथ सेंट्रल' क्षेत्र छह अगस्त से सामान्य रूप से उपलब्ध हो चुका है और यह पुणे, चेन्नई तथा मुंबई में स्थित कंपनी के मौजूदा क्लाउड क्षेत्रों में शामिल हो गया है। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष पुनीत चंडोक ने बताया कि हैदराबाद संयंत्र में शीतलन के लिए पानी का उपयोग प्रभावी रूप से शून्य है और यह पारंपरिक जल-आधारित प्रणालियों के बजाय 'एयर-कूल्ड चिलर्स' पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि देश में इस समय लगभग दो गीगावाट डेटा सेंटर क्षमता है, जो 2035 तक बढ़कर छह से सात गीगावाट हो सकती है। इसके लिए 100 अरब अमेरिकी डॉलर से




अधिक का निवेश पहले ही तय हो चुका है। चंडोक ने कहा कि भारत न केवल अपने लिए बल्कि पूरे एशिया और 'ग्लोबल साउथ' के लिए एक प्रमुख एआई बुनियादी ढांचा केंद्र के रूप में उभरेगा। एक वीडियो संदेश में माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयरमैन और अध्यक्ष ब्रैड स्मिथ ने कहा कि यह नया क्षेत्र भारत और व्यापक रूप से एशिया के संगठनों को अधिक क्षमता, बेहतर मजबूती और व्यापक विकल्प प्रदान करेगा।

## ओएनजीसी को ओडिशा तट के पास गहरे समुद्र में मिला गैस भंडार

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनी ओएनजीसी ने सोमवार को कहा कि उसे ओडिशा तट के पास गहरे समुद्र में प्राकृतिक गैस का भंडार मिला है। व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक पाए जाने पर इस खोज का तेजी से विकास और दोहन किया जा सकता है। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने बयान में कहा कि कंपनी ने गहरे समुद्री अन्वेषण अभियान 'समुद्र मंथन' के तहत कोणार्क से करीब 43 किलोमीटर दूर महानदी अपतटीय बेसिन के 'एमएन-डीडब्ल्यू18-1-एच-डी' कुएं में 18 सितंबर को यह खोज की। कंपनी ने बताया कि महानदी बेसिन में अभियान के तहत खोदा गया यह उसका पहला कुआं है। इसे 1,623 मीटर की लक्षित गहराई तक खोदा गया और 1,441 से 1,452 मीटर की गहराई पर गैस मिली। ओएनजीसी के अनुसार, कुएं से पिछले तीन दिनों से गैस निकल रही है और इसका प्रवाह एवं दबाव उत्साहजनक बना हुआ है। हालांकि, यह खोज आगे के मूल्यांकन और व्यावसायिक आकलन के अधीन है। कंपनी ने कहा कि ओडिशा तट से अपेक्षाकृत कम दूरी होने के कारण इस खोज का तेजी से मौद्रीकरण किया जा सकता है, बशर्ते यह व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक साबित हो। बयान के मुताबिक, ऐसे विकास को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 2025 के तहत मदद मिल सकती है। इस नियम के तहत साझा बुनियादी ढांचे के जरिये क्षेत्र के गहरे समुद्री संसाधनों को उत्पादन में लाया जा सकता है।

## नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष का सुझाव, यूपीआई पर कुछ और साल शुल्क नहीं लेना चाहिए

**नयी दिल्ली :** नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने सोमवार को सरकार को सुझाव दिया कि उसे कम से कम कुछ और वर्षों तक यूपीआई लेनदेन पर शून्य शुल्क की व्यवस्था जारी रखनी चाहिए और उसके बाद इसकी समीक्षा करनी चाहिए। कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा कि वह किसी भी मूल्य के यूपीआई लेनदेन के लिए कारोबारियों से शुल्क लेने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को यूपीआई को व्यापक सकारात्मक प्रभाव वाला सार्वजनिक उपक्रम मानना चाहिए। कुमार ने कहा, ''इसके कुल लाभ सार्वजनिक कोष पर यूपीआई बुनियादी ढांचे को बनाए रखने के लिए पड़ने वाली 20,000 करोड़ रुपये की लागत से कहीं अधिक हैं।'' कुमार ने कहा, ''इसलिए, कम से कम कुछ और वर्षों तक यूपीआई लेनदेन पर शून्य शुल्क जारी रखना चाहिए, जब तक कि मुद्रा से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में कुछ गिरावट का रुख दिखाई न दे। उसके बाद स्थिति की समीक्षा की जा सकती है।'' कुमार ने कहा, ''यह कदम नकदी के इस्तेमाल की ओर वापस लौटने की बहुत बड़ी संभावना पैदा करता है। छोटे से शुल्क से भी इस प्रतिगामी व्यवहार को बढ़ावा मिलेगा।'' कुमार ने कहा, ''फिलहाल अच्छी व्यवस्था को जारी रखने के लिए यथास्थिति बनाए रखना बेहतर होगा।'' सरकार ने करीब छह साल तक पूरी तरह शुल्क-मुक्त रहे यूपीआई भुगतान में बदलाव करते हुए 15 सितंबर को घोषणा की थी कि 15 अक्टूबर से इस मंच के जरिये कारोबारियों को 2,000 रुपये से अधिक के भुगतान पर 0.4 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा।

## 'ब्रिटिश एयरवेज' ने दिल्ली-लंदन के बीच तीसरी दैनिक उड़ान शुरू की

**नयी दिल्ली :** 'ब्रिटिश एयरवेज' ने दिल्ली और लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे के बीच तीसरी सीधी दैनिक उड़ान शुरू की है। इसके साथ भारत और लंदन के बीच एयरलाइन की साप्ताहिक उड़ानों की संख्या बढ़कर 70 हो गई है। एयरलाइन ने सोमवार को कहा कि यह उड़ान ऐसे समय शुरू की गई है जब भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता लागू हो रहा है। इससे दोनों देशों के बीच कारोबार, व्यापार और पर्यटन संबंधों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। सोमवार को इस सेवा की पहली उड़ान लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे से दिल्ली पहुंची। ब्रिटिश एयरवेज ने बयान में कहा, ''इसके साथ सर्दियों के मौसम में भारत और लंदन हीथ्रो के बीच हमारी साप्ताहिक उड़ानों की संख्या 70 तक हो जाएगी, जो पिछले साल की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है।''

## पूंजी प्रवाह बढ़ने से सेंसेक्स 564 अंक चढ़ा; निफ्टी में लगातार चौथे दिन तेजी

**मुंबई :** कच्चे तेल के दाम में नरमी के बीच घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को तेजी रही और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 564 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी लगातार चौथे दिन लाभ में रहा और 68 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, कच्चे तेल में नरमी के अलावा विदेशी पूंजी प्रवाह बढ़ने और वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख से घरेलू बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 564.03 अंक यानी 0.76 प्रतिशत चढ़कर 74,858.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 692.44 अंक चढ़कर 74,987.40 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी लगातार चौथे दिन बढ़त में रहा और यह 67.90 अंक यानी 0.29 प्रतिशत चढ़कर 23,414.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर सबसे ज्यादा 4.11 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा, एचसीएल टेक, इटर्नल, टाइटन, आईटीसी और टेक महिंद्रा भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, इन्फोसिस और अदाणी पोर्ट्स शामिल हैं। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर. ने कहा, ''घरेलू शेयर बाजार के मानक सूचकांक सोमवार ऊंचे स्तर पर बंद हुए और हाल की सुधार की रफ्तार जारी रही। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और व्यापक स्तर पर हुई लिवाली से बाजार धारणा मजबूत हुई। ऊर्जा कीमतों में नरमी से भारत के आयात बिल, मुद्रास्फीति के परिदृश्य और कंपनियों के मार्जिन यानी लाभ पर दबाव को लेकर कुछ राहत मिली है। हालांकि, वैश्विक अनिश्चितता बने रहने से व्यापक रूप से बाजार का रुख सतर्क बना हुआ है। मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.35 प्रतिशत चढ़ा, जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप सेलेक्ट 0.05 प्रतिशत नीचे आया।

## भारत एआई प्रयासों को धीमा नहीं करेगा, लोगों की जरूरतों के अनुरूप मॉडल पर जोर: सूत्र

**नयी दिल्ली :** भारत की कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में अपने प्रयासों को धीमा करने की कोई योजना नहीं है क्योंकि देश में एआई से जुड़ा अधिकांश काम लोगों की जरूरतों के अनुरूप अनुप्रयोग और मॉडल विकसित करने पर केंद्रित है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर एआई विकास को फौरी तौर पर रोकने की मांग मुख्य रूप से 'फ्रंटियर मॉडल' यानी एआई के सबसे उन्नत और शक्तिशाली मॉडल को लेकर उठ रही है। भारत अभी इस स्तर पर काम नहीं कर रहा है और उसका जोर देश के लोगों की जरूरतों के अनुरूप अनुप्रयोग और मॉडल विकसित करने पर है। सूत्रों ने कहा कि सरकार एआई से जुड़े सुरक्षा मुद्दों को लेकर चिंतित है। साइबर सुरक्षा खतरों और घटनाओं में एआई से जुड़ी घटनाओं की जानकारी अधिकारियों को देने की बाध्यता पहले से मौजूद है।

# प्रकाश में ठहरा हुआ एक क्षण

## अविनाश पसरीचा : जब कैमरे ने संगीत को देखना और नृत्य को सुनना सीखा



राजेन्द्र शर्मा

कुछ क्षण समय से भी अधिक तेज़ होते हैं, वे मंच पर जन्म लेते हैं और अगले ही पल समाप्त हो जाते हैं,गायक की आँखों में उतरता राग, नर्तकी के हाथ का अचानक ठहर जाना, तबले पर पड़ती उँगलियों की थाप या चेहरे पर कौंधता कोई भाव। इन्हें शब्दों में बाँधना कठिन है लेकिन कैमरा इन्हें पकड़ ले तो क्षण स्मृति बन जाता है। अविनाश पसरीचा ने अपना पूरा जीवन ऐसे ही क्षणों की तलाश में बिताया है। छह दशकों से अधिक समय में उन्होंने भारतीय संगीत और नृत्य के महान कलाकारों की करीब तीन लाख तस्वीरों का संसार रचा। उनके कैमरे में केवल कलाकार नहीं हैं,स्वतंत्र भारत की सांस्कृतिक यात्रा का एक पूरा दृश्य-इतिहास है। दिलचस्प बात यह है कि संगीत और नृत्य की दुनिया में उनका प्रवेश किसी सुनियोजित योजना का परिणाम नहीं था। 1966 में एक रिश्तेदार उन्हें दिल्ली के सप्रु हाउस में आयोजित विष्णु दिगंबर जयंती समारोह में ले गये । स्वयं पसरीचा के शब्दों में, तब उन्हें संगीत की कोई विशेष समझ नहीं थी। उनके हाथ में कैमरा था और सामने मंच। उन्होंने पहली बार मंच की उपलब्ध रोशनी में, बिना फ्लैश के तस्वीरें खींचीं। एक तंबूरा बजाती युवती की तस्वीर में उसका चेहरा तक दिखाई नहीं देता,केवल हाथ पर पड़ती रोशनी है। लेकिन उस तस्वीर में संगीत का पूरा वातावरण जैसे उतर आया। यही तस्वीर उनके लिए निर्णायक मोड़ बनी। उन्होंने फ्लैश को लगभग त्याग दिया। पसरीचा के लिए यह तकनीकी फैसला नहीं था; यह कलाकार के प्रति सम्मान था। वे नहीं चाहते थे कि कैमरे की चमक कलाकार या दर्शक की एकाग्रता तोड़े। सप्रू हाउस में वे कभी मंच के सामने नीचे बैठ जाते, कभी घुटनों के बल होकर तस्वीर लेते ताकि किसी की दृष्टि न रुके। उनका सिद्धांत था–फोटोग्राफर दिखाई नहीं देना चाहिए; केवल उसका देखा हुआ दिखाई देना चाहिए। मणिपुरी नृत्यांगना दर्शना झावेरी ने वर्षों बाद याद किया कि पसरीचा मंच पर इतने शांत रहते थे कि लगता ही नहीं था कि कोई फोटोग्राफर मौजूद है। फिर अचानक उनकी तस्वीर सामने आती और उसमें वही निर्णायक क्षण होता, जिसे दूसरे शायद देख भी न पाते। लेकिन इस यात्रा में असफलताएँ भी कम नहीं थीं।

एक बार महान भरतनाट्यम नृत्यांगना बालासरस्वती ने उन्हें तस्वीर लेने से ही मना कर दिया। किसी कलाकार का विश्वास जीतना और उसके भावों के साथ कैमरे का रिश्ता बनाना आसान नहीं था। दूसरी ओर, केलुचरण महापात्र की तस्वीरें लेते हुए एक बार उनका फिल्म रोल ही समाप्त हो गया। उस दौर में न डिजिटल कैमरा था, न सैकड़ों तस्वीरें तुरंत खींच लेने की सुविधा। हर फ्रेम सोचकर लेना पड़ता था। यही वह युग था जब एक रोल की कीमत केवल पैसे में नहीं होती थी–उसमें एक अवसर भी बँधा होता था।

केलुचरण महापात्र से जुड़ा एक और प्रसंग उनकी कल्पनाशीलता बताता है। उनकी सबसे चर्चित तस्वीरों में से एक में महापात्र गति में हैं। मंच भी नहीं था–कपड़े से बना एक अस्थायी मंच था और तेज़ स्ट्रोब प्रकाश भी उपलब्ध नहीं था। बाद में यही तस्वीर पुरस्कार विजेता बनी। पसरीचा को इसके लिए 1980 के दशक में 30,000 रुपये का पुरस्कार मिला। रंगीन मूल फिल्म एजेंसी से खो गयी, लेकिन उनके पास उसी क्षण का श्वेत-श्याम संस्करण बचा रहा–और वह उन्हें आज भी अधिक सुंदर लगता है। फिल्म के उस दौर में हर क्लिक के साथ जोखिम था। आज कोई फोटोग्राफर एक कार्यक्रम में सैकड़ों तस्वीरें ले सकता है। पसरीचा के समय ऐसा नहीं था। उन्होंने कभी मज़ाक में कहा कि आज कोई फोटोग्राफर 400 तस्वीरें लेने की बात बताता है तो वे उससे कहते हैं–अब अपनी दस सबसे अच्छी तस्वीरें दिखाइए। यही शायद उनके काम का रहस्य है–कम तस्वीरें, लेकिन अधिक दृष्टि। नृत्य के बारे में उनका दृष्टिकोण भी दिलचस्प है। वे स्वीकार करते थे कि उन्हें नृत्य की कथावस्तु समझने की विशेष आवश्यकता महसूस नहीं होती थी। उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण था–भाव और आँखें। उनका मानना था कि यदि आँखों में भाव है तो तस्वीर में जीवन है; केवल सुंदर मुद्रा पर्याप्त नहीं।वे कहते थे कि मंच पर फोटोग्राफर के नियंत्रण में प्रकाश नहीं होता। कभी नर्तकी का चेहरा अँधेरे में चला जाता है, कभी प्रकाश गलत जगह पड़ता है। तब या तो तस्वीर छोड़ दीजिए या उपलब्ध परिस्थिति में सर्वश्रेष्ठ निकालिए। उनकी दृष्टि केवल मंच तक सीमित नहीं रही। कभी उन्होंने चंद्रलेखा और उनके नर्तकों को समुद्र के किनारे ले जाकर तस्वीरें बनाईं। कभी यामिनी कृष्णमूर्ति ने प्रस्तुति से ठीक पहले फोन कर आधे घंटे के फोटो-सेशन के लिए बुलाया। कभी उन्होंने माधवी मुद्गल और दुर्गालाल को एक ही फ्रेम में इस तरह रचा कि नृत्य की गति और स्थिरता एक साथ दिखाई देने लगी। और यही उनकी विशिष्टता थी–वे नृत्य की तस्वीर नहीं लेते थे, नृत्य की गति को तस्वीर में बचाते थे।

उनकी तस्वीरों में कुमार गंधर्व का स्वर दिखाई देता है, भीमसेन जोशी की तन्मयता सुनाई देती है, बेगम अख्तर की ग़ज़ल आँखों में उतरती है और बिरजू महाराज का अभिनय एक स्थिर फ्रेम में भी चलता हुआ महसूस होता है। पसरीचा ने स्वयं फोटोग्राफी को एक प्रकार का ध्यान कहा है। उनके अनुसार कैमरे से किसी प्रस्तुति को देखना मन को भटकने से रोकता है–कैमरा आँख को ही नहीं, मन को भी केन्द्रित करता है। शायद इसी कारण कलाकारों का उन पर भरोसा था। माधवी मुद्गल और अनेक अन्य कलाकार उनके स्टूडियो पहुँचते थे। उनका स्टूडियो किसी व्यावसायिक फोटो-स्टूडियो से अधिक एक आत्मीय अड्डा था। कई कलाकारों से वे केवल प्रिंट का खर्च लेते थे और उनकी पत्नी संतोष पसरीचा कलाकारों को भोजन भी कराती थीं। यह उदारता उस दौर की सांस्कृतिक दुनिया का भी एक सुंदर चित्र है।

आज तीन लाख तस्वीरों का उनका संग्रह केवल निजी उपलब्धि नहीं है। वह भारतीय संगीत और नृत्य की स्मृति का एक अनमोल भंडार है। उसमें ऐसे चेहरे हैं जो अब हमारे बीच नहीं हैं, ऐसे मंच हैं जो बदल चुके हैं और ऐसी प्रस्तुतियाँ हैं जिन्हें आज केवल उनकी तस्वीरों के माध्यम से याद किया जा सकता है।

अविनाश पसरीचा की सबसे बड़ी खूबी शायद यही है कि उनका कैमरा कलाकार पर अधिकार नहीं जमाता–वह उसके सामने विनम्र हो जाता है। वह क्षण की प्रतीक्षा करता है।फिर एक क्लिक होता है और जो कुछ उसी क्षण समाप्त हो जाना था, वह हमेशा के लिए ठहर जाता है, नर्तकी की गति स्थिर हो जाती है, गायक की आँखों में राग ठहर जाता है, तबले की थाप दिखाई देने लगती है और संगीत, जो दिखाई नहीं देता,एक तस्वीर बन जाता है। अविनाश पसरीचा ने अंततः यही असंभव काम किया है–उन्होंने भारतीय कला को केवल चित्रित नहीं किया; उन्होंने उसकी स्मृति को दृश्य बना दिया।









## संक्षिप्त समाचार

### गुरु तेग बहादुर के बलिदान ने औरंगजेब के मंसूबे विफल किए : डॉ. कृष्ण गोपाल



**चमकता राजस्थान** जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि औरंगजेब की सोच थी कि भारतीयों को कष्ट देकर और उन्हें सताने से वे अपना धैर्य खो देंगे तथा धर्म छोड़ देंगे, लेकिन धर्म की रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर के बलिदान ने उसके सभी मंसूबों को विफल कर दिया।

डॉ. कृष्ण गोपाल सोमवार को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में श्री गुरु गोविंदसिंह चेयर फॉर नेशनल इंटीग्रेशन एंड सिख स्टडीज तथा भारतीय अभ्युत्थान समिति, राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित व्याख्यान को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने गुरु नानकदेव के जीवन और भारत भ्रमण का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके प्रभाव से देशभर में अध्यात्म की एक लहर उठी, जो भारत का रक्षा कवच बनी। इसी परंपरा में गुरु हरगोविंद ने धर्म की रक्षा का संकल्प लिया और आगे गुरु तेग बहादुर ने धर्म की रक्षा के लिए आत्मबलिदान दिया। इसी कारण उन्हें ''हिंद की चादर'' कहा जाता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रूपिंदर सिंह ने गुरुजनों की शिक्षाओं को जीवन में आत्मसात करने का आ''ान किया। उन्होंने गुरु तेग बहादुर की करुणा और प्रेम के सिद्धांतों के माध्यम से सामाजिक समरसता और एकता को मजबूत करने पर बल दिया।

विशिष्ट अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलगुरु कल्पना कटेजा ने गुरु परंपरा को भारत की महान विरासत बताते हुए विश्व एकता के लिए गुरुजनों की शिक्षाओं के महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' से हुई। इस अवसर पर गुरु तेग बहादुर के जीवन पर आधारित संक्षिप्त एनिमेटेड डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में भारतीय अभ्युत्थान समिति के अध्यक्ष डॉ. रमेश चंद्र अग्रवाल ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

### घर अजमल अवतार लियो.. घणी घणी खम्मा म्हारा रामसा पीर ने..

- बाबा रामदेव भक्त मंडल की 25वीं वर्षगांठ पर दसमी महोत्सव संपन्न



**चमकता राजस्थान** सिलचर। बाबा रामदेव भक्त मंडल मेहरपुर सिलचर के द्वारा जग विख्यात लोक देवता बाबा रामदेवजी के जन्मोत्सव प्रसंग पर दसमी महोत्सव की 25वीं वर्षगांठ के मौके भव्य संगीतमय जागरण भजन संध्या का आयोजन यहां किया गया। मंडल के संस्थापक सदस्य गोपाल चौहान ने बताया कि राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक कलाकार प्रकाश माली एवं ग्रुप द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मेहरपुर सिलचर के हंसी खुशी भवन में बाबा के विशाल छायाचित्र के समक्ष ध्वजा चढ़ाई गई व विशेष पूजा के साथ ज्योत, आरती व भोग प्रसाद अर्पण किया गया। कार्यक्रम में आगंतुक बड़ी संख्या में सभी भक्तजनों के लिए महाप्रसादी भी रखी गई। इस दौरान गणेश वंदना, गुरु वंदना तथा बाबे के जयकारों से शुरू हुई भजन संध्या में पिछम धरा सु म्हारा पीरजी पधारया, म्हारो हेलो सुनोजी राम पीरजी, घणी घणी खम्मा मारा रामसापीर ने, पाला पाला आवा बाबा, घर अजमल अवतार लियो, खम्मा खम्मा हो म्हारा रुणिचे रा धनिया.. सहित अनेक पर्चों का बखान व सुरीले भजनों की प्रस्तुतियां हुई। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी आयोजन के सफल क्रियान्वयन में गोपाल चौहान, सुरेंद्र लाल सेठिया, मोहनलाल प्रजापत, चंद्रप्रकाश गर्ग, राजेश सेठिया, ललित बोथरा, सम्पत शर्मा, हुलासमल बरडिया, प्रदीप रेवा, राजेश सेठिया, मिलाप मालू, सुरजमल सेठिया, दिलीप बिनायकिया, पारस बरडिया, अभिषेक बरडिया, सुमित सेठिया इत्यादि अनेक सदस्यगण भक्तों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से सेवा दी।

# गोवंश और पशुपालकों पर दोहरी मार: 86 करोड़ से अधिक का बकाया भुगतान और लंपी टीकाकरण पर सरकार को घेरा

चमकता राजस्थान

रघुनंदन पारीक श्रीनगर अजमेर रामचंद्र चौधरी ने सरकार पर बोला तीखा हमला, बोले- कुंभकर्णी नींद में सोई है सरकार दुग्ध संबल और मिड-डे मील के बकाए पर अजमेर सरस डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी की दो-टूक चेतावनी

लंपी डिजीज के टीकाकरण और नीतियों को लेकर रामचंद्र चौधरी ने उठाए गंभीर सवाल अजमेर सरस डेयरी के अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने राज्य सरकार की कार्यप्रणाली और सुस्त नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि इस वक्त सरकार पूरी तरह से कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है और उसे अन्नदाता की परेशानियों का कोई अहसास नहीं है। पशुपालकों और दुग्ध उत्पादकों के सामने आन पड़ी गंभीर आर्थिक तंगी का मुद्दा उठाते हुए रामचंद्र चौधरी ने मुख्यमंत्री दुग्ध संबल योजना और मिड-डे मील योजना के तहत पिछले लंबे समय से अटकी पड़ी 86 करोड़ रुपये से अधिक की बकाया राशि का तुरंत भुगतान करने की पुरजोर मांग की है ताकि संकट के इस दौर में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को राहत मिल सके। सरकार की इस लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए रामचंद्र चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री दुग्ध संबल योजना के तहत अकेले अजमेर सरस डेयरी का सितंबर तक लगभग 21 करोड़ रुपये का भुगतान बकाया चल रहा है, जिससे दूध बेचने वाले आम किसानों की जेब खाली हो चुकी है और उनके सामने घर चलाना तक मुश्किल हो गया है। रामचंद्र चौधरी ने आगे बताया कि हालात तब और अधिक बदतर हो जाते हैं जब इसके साथ मिड-डे मील योजना का बकाया भी जुड़ जाता है, जिसके तहत सरकार पर लगभग एक वर्ष से करीब 65 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि लंबित पड़ी है। इन दोनों महत्वपूर्ण योजनाओं का कुल बकाया आंकड़ा 86 करोड़ रुपये से भी ज्यादा बैठता है, जो सीधे तौर पर इस बात का प्रमाण है कि सरकारी तिजोरी से समय पर पैसा जारी न होने के कारण सहकारी डेयरियों का पूरा वित्तीय प्रबंधन चरमरा गया है।

इस स्थिति की भयावहता को बयां करते हुए रामचंद्र चौधरी ने कहा कि कहावत है कि 'भूखे भजन न होय गोपाला', ठीक इसी प्रकार बिना पैसों के पशुओं का पालन-पोषण करना और उनका पेट भरना असंभव सा हो गया है क्योंकि पशुपालकों को अपने दुधारू पशुओं के लिए प्रतिदिन सूखा और हरा चारा, दाना, खल, मिनरल मिक्चर और अचानक बीमार होने पर दवाइयों का भारी-भरकम खर्च रोजाना अपनी जेब से वहन करना पड़ता है। रामचंद्र चौधरी का मानना है कि विशेष रूप से गर्मी और बारिश के उतार-चढ़ाव भरे मौसम में पशुपालन की यह लागत और भी अधिक बढ़ जाती है, ऐसे में यदि सरकार की तरफ से छह महीने, एक साल या उससे भी अधिक समय तक प्रोत्साहन और आपूर्ति की राशि रोकी रखी जाएगी, तो किसान और पशुपालक कर्ज के दलदल में फंसने के लिए मजबूर हो जाएंगे।



केवल आर्थिक मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि पशुधन की सेहत और सुरक्षा के मामले में भी सरकार पूरी तरह से विफल नजर आ रही है, जिस पर गहरी चिंता जताते हुए रामचंद्र चौधरी ने कहा कि देश भर के गोवंश में तेजी से फैलने वाली घातक लंपी स्किन डिजीज ने पशुपालकों की नींद उड़ा रखी है। इस लाइलाज और संक्रामक बीमारी से बचाव के लिए रामचंद्र चौधरी ने रेखांकित किया कि वर्तमान में प्रशासन द्वारा जल्दबाजी में गोटपॉक्स के टीके लगवाए जा रहे हैं, जबकि देश के जाने-माने पशु चिकित्सा विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों का स्पष्ट तर्क यह रहा है कि इस वायरस से प्रभावी और अचूक तरीके से निपटने के लिए काउपॉक्स के टीकों का ही इस्तेमाल होना चाहिए था।

दुखद पहलू यह है कि देश के हुक्मरानों की अदूरदर्शिता और नीतिगत नाकामी का जिक्र करते हुए रामचंद्र चौधरी ने बताया कि पिछले 12 वर्षों के लंबे अंतराल में भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान देश में काउपॉक्स के टीकों का पर्याप्त, नियमित और स्वदेशी निर्माण ही नहीं किया गया, जिसके चलते आज कहावत चरितार्थ होती है कि 'अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत', और प्रशासन को अपनी इस गलती को छिपाने के लिए मजबूरी में गोटपॉक्स वैक्सीन का सहारा लेना पड़ रहा है। रामचंद्र चौधरी ने स्पष्ट किया कि यह गोटपॉक्स का टीका केवल आंशिक रूप से ही इम्युनिटी प्रदान करता है और इसे लंपी वायरस के खिलाफ कोई सौ प्रतिशत लक्षित व पुख्ता इलाज नहीं माना जा सकता, जिसका सीधा और गंभीर खामियाजा उन करोड़ों बेजुबान गोवंश और देश के अन्नदाताओं को भुगतना पड़ रहा है जिनकी आजीविका का एकमात्र साधन उनका पशुधन ही है। यदि समय रहते देश के भीतर ही काउपॉक्स टीकों के अनुसंधान, विकास और बड़े पैमाने पर उत्पादन पर गंभीरता से ध्यान केंद्रित किया गया होता, तो आज हमारा गोवंश इस भीषण महामारी के प्रकोप से सुरक्षित बच सकता था, इसलिए रामचंद्र चौधरी की मांग है कि भविष्य में ऐसी किसी भी आपदा से निपटने के वास्ते सरकार को अपनी इस लचर टीकाकरण नीति की तुरंत समीक्षा करनी होगी। अंत में रामचंद्र चौधरी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि सरकार को यह बात अच्छी तरह समझ लेनी चाहिए कि पशुपालकों की जरूरतें कोई साल-छ महीने में पूरी होने वाली नहीं बल्कि बिल्कुल दैनिक आधार पर होती हैं, और जब तक रामचंद्र चौधरी के इस संदेश के मुताबिक अन्नदाता के पसीने की एक-एक बूंद का उचित मूल्य और समयबद्ध सहायता राशि सीधे उनके खातों में नहीं पहुंचेगी, तब तक डेयरी विकास और ग्रामीण समृद्धि के सभी दावे पूरी तरह से खोखले साबित होंगे।

## सड़क पर ट्रैफिक जाम से राहत और कम जगह में अधिक यातायात का बताया समाधान

चमकता राजस्थान

**जयपुर**। विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच को सामने लाते हुए 12वीं कक्षा के विज्ञान वर्ग के छात्र परमेश्वर कुमावत ने एक ऑटोमेटिक बस का मॉडल तैयार किया है।

छात्र के अनुसार इस मॉडल की खासियत यह है कि बस सामान्य सड़क पर जगह घेरने के बजाय सड़क से ऊपर बने ट्रैक पर संचालित हो सकती है।




छात्र द्वारा तैयार किए गए विज्ञान मॉडल के परिचय के अनुसार, इस तकनीक का उद्देश्य ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करना, सड़क पर जगह की बचत करना और यात्रियों के समय को बचाना है।

मॉडल में बस को ऊपर बने ट्रैक पर चलाने की परिकल्पना की गई है ।

जिससे नीचे सड़क पर चलने वाले सामान्य वाहनों के लिए अधिक जगह उपलब्ध रह सके।

## हेमजी का तला में जिला स्तरीय बॉक्सिग एवं वुशू प्रतियोगिता का शुभारंभ

चमकता राजस्थान

बायतु (चिमु धतरवाल)। हेमजी का तला स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 70वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र बॉक्सिग तथा 17 एवं 19 वर्षीय छात्र-छात्रा वुशू खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता निभाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सांसद बाड़मेर-जैसलमेर उम्मेदाराम जी बैनीवाल, प्रधान बायतु सिमरथाराम जी चौधरी, सरपंच बायतु चिमनजी गोमाराम जी पोटलिया, सीबीईओ



बायतु अणदाराम जी, प्रधानाचार्य हरजीराम जी, पूर्व प्रधानाचार्य प्यारी चौधरी एवं पूर्व प्रधानाचार्य पारसमल जी लीलड़ सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उचित अवसर, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिलने पर ये खिलाड़ी जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। खिलाड़ियों के प्रति ग्रामीणों के उत्साह और समर्थन से आयोजन स्थल पर खेलमय वातावरण बना रहा। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने बॉक्सिग एवं वुशू में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजकों ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए निष्पक्ष खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आ''ान किया।

## 70वीं जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

- बायतु में 17 एवं 19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग की जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



**चमकता राजस्थान**बायतु (चिमु धतरवाल)। 70वीं जिला स्तरीय 17 एवं 19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग फुटबॉल खेलकूद प्रतियोगिता 2026 का आयोजन जिला बालोतरा के अंतर्गत श्री खेमा बाबा माध्यमिक विद्यालय, बायतु के तत्वावधान में रविवार, 20 सितंबर 2026 को हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह उत्साह और खेल भावना के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख बाड़मेर महेंद्र चौधरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बायतु प्रधान सिमरथा राम बेनीवाल ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में डूंगर राम काकड़, सरपंच प्रतिनिधि एवं पूर्व बीसीसी चेयरमैन, हुकमाराम सारण, जिला परिषद सदस्य तथा गोपाल भादू उपस्थित रहे। आयोजन सचिव अतर सिंह यादव, आयोजन संयोजक सोनाराम गोदारा एवं व्यवस्थापक धनाराम हुड्डा सहित भूराराम, निर्णायकगण, शारीरिक शिक्षक एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की छात्र-छात्रा टीमें फुटबॉल मुकाबलों में भाग ले रही हैं। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और अनुशासन बनाए रखने का आ''ान किया। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर विद्यालय एवं आयोजन समिति द्वारा खिलाड़ियों और टीमों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

## टीना नागर बनीं नगरपालिका डग की अध्यक्ष,भाजपा प्रत्याशी को 8 वोटों से हराया, कांग्रेस खेमे में जश्न



**चमकता राजस्थान** डग-कुन्दन व्यास नगरपालिका डग में सोमवार को अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस ने अपना परचम लहरा दिया।कांग्रेस प्रत्याशी टीना नागर ने भाजपा प्रत्याशी भगवती बाई को 8 मतों के भारी अंतर से हराकर अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया।उनके निर्वाचित होते ही नगरपालिका परिसर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया।सोमवार सुबह 11 बजे से नगरपालिका कार्यालय में मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। कुल 20 पार्षदों में से सभी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ,जिसके बाद तुरंत मतगणना शुरू की गई।मतगणना में कांग्रेस प्रत्याशी टीना नागर को 14 मत प्राप्त हुए,जबकि भाजपा प्रत्याशी भगवती बाई को 6 मतों पर ही संतोष करना पड़ा। परिणाम घोषित होते ही निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम ओमप्रकाश चंदेलिया ने टीना नागर को विधिवत रूप से नगरपालिका डग का अध्यक्ष घोषित किया और जीत का प्रमाण पत्र सौंपा।परिणाम सामने आते ही कांग्रेस खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई।नगरपालिका परिसर के बाहर खड़े कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी,मिठाइयां बांटी और जमकर आतिशबाजी की। कार्यकर्ताओं ने 'कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद' नारे लगाए।

जीत के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष टीना नागर ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर के विकास के लिए एवं डग को स्वच्छ,सुंदर एवं विकसित बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगी।

# पांच दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव की तैयारियों पर मंथन, 11 सितंबर को निकलेगी भव्य अग्र शोभायात्रा

चमकता राजस्थान

धौलपुर संवाददाताः रामदास तरुण बाड़ी। श्री अग्रवाल सभा बाड़ी की कार्यकारिणी, चारों इकाइयों एवं गणमान्य नागरिकों की वृहद बैठक श्री अग्रवाल पंचायती धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक में आगामी पांच दिवसीय भगवान अग्रसेन जयंती महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा की गई। अध्यक्षता दिनेश गर्ग बागथरिया ने की। बैठक में अतिथि के रूप में पूरन चंद्र गर्ग, राधेश्याम गर्ग एडवोकेट, सुनील गर्ग, रामनिवास गर्ग (पप्पूजी), ताराचंद गोयल, डॉ. निरमा सिंघल एवं जिलाध्यक्ष सरोज मंगल उपस्थित रहे। संचालन हरिशंकर सर्राफ एवं विशाल गर्ग ने किया। बैठक में भगवान अग्रसेन जयंती महोत्सव पांच दिवसीय मनाने का निर्णय लिया गया। आगामी 11 सितंबर को भव्य अग्र शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा बागथरिया भवन गुमट से प्रारंभ होगी। इसमें 18 घोड़ों पर सवार राजकुमार, छह आकर्षक झांकियां तथा शहर एवं बाहर से आने वाले बैंड-बाजे शामिल होंगे। जयंती महोत्सव को सफल बनाने के लिए श्री अग्रसेन शिक्षा समिति, श्री अग्रवाल महिला मंडल, श्री अग्रसेन सहायता समिति, श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल, राष्ट्रीय



स्वयंसेवक संघ, श्री श्याम बाबा भक्त मंडल, श्री परमार्थ सेवा समिति, जन चेतना समिति, अग्र पत्थर व्यवसाय संगठन, अजय मित्तल, श्री अग्रवाल फ्रेंड्स क्लब, बॉबी गोयल छावनी वाले एवं श्री अग्रसेन युवा मंडल सहित विभिन्न संस्थाओं ने सहयोग की घोषणा की। बैठक में श्री अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसायटी की ओर से 10 अक्टूबर को विशाल रक्तदान शिविर आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक को मोहन मित्तल, सुनील गर्ग, सोनू मोदी, नरेंद्र मंगल, राधेश्याम गर्ग सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। अध्यक्ष दिनेश गर्ग ने सभी अग्र बंधुओं एवं महिलाओं से पांच दिवसीय जयंती महोत्सव में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का आ''ान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अग्र बंधु का कर्तव्य है कि सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाए।

इस अवसर पर राम सेवक मंगल, महावीर गोयल, बंटू नादनपुर वाले, त्रिलोक चंद्र गर्ग, मंथन मित्तल, अमन गर्ग, रामकुमार गर्ग, अजय गर्ग, पंकज गर्ग, धीरज गर्ग, रामनिवास अग्रवंशी, कृष्णमुरारी गोयल, अशोक सिंघल, नीतू जी सीमेंट वाले, राकेश गर्ग, सोनू मोदी, जगदीश प्रसाद मंगल, मोहन गोयल, पवन मित्तल, सोहन मित्तल, देवेंद्र मित्तल, अनूप गोयल, गोपाल दास उमरेह वाले, हरिओम गर्ग उमरेह वाले, रिंकू गर्ग, राजेश बंसल, संदीप बंसल, जेके मंगल, अमित मोदी, पीके सिगोरई वाले, पुनीत जिंदल, शिप्रा गर्ग, डॉ. विमलेश बंसल, नीतू सिंघल, नीतू मंगल सहित बड़ी संख्या में अग्रबंधु एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

''स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए किरण प्रिंटर्स प्लॉट नंबर 7 ,देवी नगर विस्तार,न्यू सांगानेर रोड,जयपुर से मुद्रित एवं 1 -ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6, जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआईबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी सम्पादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929''